तापमान

अधिकतम 31.7 डिग्री

न्यूनतम 18.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026


ऊर्जा पार्क का आकर्षक फौवारा



# चकरभाठा एयरपोर्ट पर पहली बार नाइट लैंडिंग का सफल ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में शुक्रवार को पहली बार रात्रिकालीन उड़ान (नाइट लैंडिंग) का सफल ट्रायल किया गया। स्टेट प्लेन द्वारा किए गए इस ऐतिहासिक ट्रायल ने बिलासपुर को हवाई सेवाओं के नए युग में प्रवेश दिला दिया है। नाइट लैंडिंग परीक्षण पूरी तरह सफल रहा। ट्रायल के दौरान रनवे लाइटिंग सिस्टम, एप्रोच लाइट्स, एयर ट्रैफिक समन्वय एवं सभी तकनीकी मानक संतोषजनक पाए गए। हाईकोर्ट में भी मामले की सुनवाई हुई जिसमें सुविधाओं के विस्तार की बात कही गई। मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी।

इस ट्रायल के अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर एन. बिरेन सिंह, क्षेत्रीय निदेशक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो, रायपुर सहित एयरपोर्ट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इसे बिलासपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि नाइट लैंडिंग सुविधा शुरू होने से यात्रियों को अधिक उड़ान विकल्प मिलेंगे और क्षेत्र के औद्योगिक,व्यावसायिक एवं पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि आवश्यक औपचारिकताओं एवं अंतिम स्वीकृतियों के बाद नियमित नाइट फ्लाइट संचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह सफल ट्रायल बिलासपुर शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### बड़ी निजी एयर कंपनियां पहुंची तो लगेंगे पंख

- रनवे लाइटिंग सिस्टम, एप्रोच लाइट्स, एयर ट्रैफिक समन्वय एवं सभी तकनीकी मानक संतोषजनक पाए गए
- हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा, हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई अब 25 फरवरी को



### 3सी-आईएफआर लाइसेंस जारी किया गया

इस सुविधा के अब बिलासपुर एयरपोर्ट पर खराब मौसम, बारिश के साथ ही रात में भी फ्लाइट उड़ान भर सकेंगे। इसके साथ ही बिलासपुर से हैदराबाद, कोलकाता और इंदौर से फ्लाइट शुरू 'होने की संभावनाएं जुड़ गई है। दरअसल, बिलासपुर एयरपोर्ट को अभी हाल ही में 3सी-आईएफआर लाइसेंस जारी किया गया है। जिसके बाद शुक्रवार को पहली बार रात्रिकालीन उड़ान (नाइट लैंडिंग) का सफल ट्रायल किया गया। इसके साथ ही माना जा रहा है कि, लाइसेंस मिलने के बाद अब गर्मी के समर शेड्यूल में जहां उड़ानों का समय बदलेगा, वहीं पहली बार नाइट लैंडिंग सुविधा शुरू होने से देर शाम और रात की फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी।

### 291 एकड़ जमीन के लिए 50 करोड़ जमा

इससे पहले बिलासपुर में बिलासा देवी केवट चकरभाठा एयरपोर्ट के विस्तार में सबसे बड़ी रुकावट दूर हो गई थी। 290.80 एकड़ अतिरिक्त ज़मीन के अधिग्रहण के लिए 50.64 करोड़ की रकम जो पिछले चार सालों से पेंडिंग थी उसे केंद्र सरकार के खाते में जमा कर दिया गया है। इससे एयरपोर्ट को कैटेगरी 4-C में अपग्रेड करने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए प्री-कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है।

### निजी विमानन कंपनियां आएंगी तभी मिलेगा लाभ

ज्ञात हो कि इस सुविधा के लिए 2022 से ही प्रयास शुरू कर दिए गए थे, लेकिन डीजीसीए के 2024 में डीवीओआर की स्थापना की अनिवार्यता और कमीशनिंग की प्रक्रियाओं के कारण समय लग रहा था। माना जा रहा है कि निजी विमानन कंपनियां भी बिलासपुर से देश के अन्य प्रमुख शहरों के लिए अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर रही है। जिसमें इंडिगो की तरफ से बिलासपुर को हैदराबाद, कोलकाता और इंदौर से जोड़ने की चर्चा हैं। वहीं, स्पाइसजेट भी प्रयागराज और वाराणसी रूट के लिए अपने 78-सीटर विमानों की प्लानिंग कर रही है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल आज बिलासपुर के प्रवास पर



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 21 फरवरी को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका रायगढ़ से सड़क मार्ग से रवाना होकर दोपहर 2 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। राज्यपाल का आगमन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में होगा। इसके पश्चात वे यूनिवर्सिटी में दोपहर 3 बजे "ट्रांसफॉर्मिंग यूनिवर्सिटीज फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट" विषय पर आयोजित कुलपतियों के सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम उपरांत राज्यपाल शाम 4 बजे बिलासपुर से चंदखुरी जिला मुंगेली के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान करेंगे। इसके बाद शाम 5.15 बजे सड़क मार्ग से लोकभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### तोरवा में चार दिवसीय राजावीर मेला आज से

बिलासपुर। राजावीर विक्रमादित्य मंदिर प्रांगण में 21 फरवरी से चार दिवसीय राजावीर मेले का आयोजन किया जा रहा है। श्री राजावीर विक्रमादित्य सेवा समिति के अनुसार यह मेला पिछले 70 साल से यहां लग रहा है। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को मातृ पिता पूजन दिवस एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। 22 फरवरी को भाई ग्वाल दास उदासी के द्वारा भजन कीर्तन एवं दोपहर 1 बजे से आम भंडारा उसी दिन रात में ब्रम्हाकुमारी द्वारा सत्संग का आयोजन किया जाएगा। 23 फरवरी को राज म्यूजिकल पार्टी कटनी द्वारा शानदार सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह 24 फरवरी की रात 8.30 बजे से शहदाजे संत श्री लालदास चकरभाठा का सत्संग एवं लंगर का आयोजन किया जाएगा।

### वैश्य कसौंधन गुप्ता महासभा की बैठक कल

बिलासपुर। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन गुप्ता महासभा की बैठक 22 फ़रवरी रविवार को दोपहर 2 बजे नागोराव शेष स्कूल चौक कर्बला रोड, जूना बिलासपुर में रखी गई है। बैठक में आगामी 8 मार्च को होने वाले कार्यक्रम महिला दिवस की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता सहित कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के लोग शामिल होंगे।

### सुरक्षा बल ने 2 करोड़ से अधिक का सामान लौटाया

बिलासपुर। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन अमानत अभियान के तहत किए गए सराहनीय कार्यों किया गया गया है। रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के तीनों मंडलों बिलासपुर, रायपुर, नागपुर द्वारा यात्री ट्रेनों और स्टेशनों में भूलवश छोड़े गए सामानों को ऑपरेशन अमानत के तहत रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों को सुपुर्द किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल को रेल मदद, ट्वीटर या अन्य माध्यमों से रेल यात्रियों के भूलवश छूटे सामानों की जानकारी सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को मिलती है। सुरक्षा नियंत्रण कक्ष में तैनात स्टाफ के द्वारा यात्रियों के दिए गए मोबाईल से संपर्क कर उनके ट्रेन नम्बर, कोच नम्बर या स्टेशनों की जानकारी प्राप्त कर अगले आने वाले रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को सूचित किया जाता है। संबंधित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट द्वारा यात्री के द्वारा बताए अनुसार कोच व स्थान में पहुंचकर उनके छुटे हुए सामान को प्राप्त कर यात्री को सूचित किया जाता है। यात्री रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट में पहुच कर अपने कीमती सामान को प्राप्त करता है। रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन अमानत के तहत सुपुर्द किए गए।

### राजकिशोर नगर के बाद दूसरी बड़ी वारदात, नकाबपोश उठाईगीरों की तलाश

# सीपत के सराफा व्यापारी से 10 किलो चांदी 100 ग्राम सोने के जेवर लेकर भागे 3 युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजकिशोर नगर में सराफा व्यापारी से लूट के 3 दिन बाद सीपत खमरिया के सराफा व्यापारी से 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर से भरा थैला लेकर बाइक सवार तीन नकाबपोश युवक भाग गए। पुलिस जिले में नाकाबंदी कर बाइक सवार युवकों की तलाश कर रही है।

सीपत पुलिस के अनुसार, जांजगीर जिला बलौदा निवासी विनय सोनी की सीपत खमरिया में ज्वेलरी शाप है। प्रतिदिन वे रात में दुकान बंद कर कीमती सोने चांदी के जेवर अपने घर ले जाते हैं। शुक्रवार की शाम 7 बजे वे दुकान में रखे 10 किलो चांदी के आभूषण व 100 ग्राम सोने के आभूषण थैले में रखकर दुकान से बाहर निकले। वे थैला शटर के पास रखकर दुकान बंद करने शटर गिरा रहे थे। इसी दौरान बाइक से तीन नकाबपोश युवक उनकी दुकान के सामने पहुंचे। एक युवक बाइक से उतरकर दौड़ते हुए उनके पास पहुंचा और आभूषण से भरा थैला उठाकर बाइक में बैठकर अपने साथियों के साथ भाग गया। श्री




सोनी के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ लग गई। आभूषण चोरी होने की सूचना सीपत पुलिस को दी गई। उठाईगीरी की वारदात से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल सीपत पुलिस व शहर के थानेदार बल के साथ खमरिया पहुंच गए। सराफा व्यापारी से चोरी की जानकारी लेने के बाद जिले में नाकाबंदी कर बाइक सवार युवकों की तलाश की जा रही है। देर रात तक पुलिस बाइक सवार युवकों की नहीं पकड़ पाई थी।

### बिटकुला के जंगल की ओर भागे

वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार तीनों युवक बिटकुला के जंगल की ओर भाग गए हैं। बताया जाता है उक्त जंगल का रास्ता बलौदाबाजार व कोरबा की ओर जाता है। दोनों जिलों के पुलिस को भी सूचना देकर अलर्ट किया गया है।

### दर्ज की जा रही है रिपोर्ट

सराफा व्यापारी आभूषण से भरा थैला साइड में रखकर शटर बंद कर रहे थे। इसी दौरान नकाबपोश बाइक सवार तीन लोग आए। एक युवक थैला उठाकर साथियों के साथ बैठकर भाग गया है। सीपत थाने में रिपोर्ट लिखी जा रही है। आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

- पंकज कुमार पटेल
एडीशनल एसपी

### सराफा व्यापारी शहर से दूर सराफा दुकानों में करें अतिरिक्त सुरक्षा का इंतजाम : एसएसपी

पिछले दिनों हुई राजकिशोर नगर में सराफा व्यापारी के साथ लूट की घटना को ध्यान में रखते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने भविष्य में इस तरह की घटना से बचा जा सके। इसके एतिहात के तौर पर कहा कि जिन व्यापारियों की दुकान शहर से दूर है। उन व्यापारियों को अपनी और दुकान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। दुकान के आसपास सीसीटीवी जरूर लगाकर रखें। सोने चांदी के गहनों को रोजाना लाना ले जाना करने से बेहतर है कि अन्य सुरक्षित विकल्प रखा जाए। जिससे कोई भी अप्रिय घटना होने से व्यापारी की जान और माल बच सके।



सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा कि पुलिस विभाग ने सराफा व्यापारियों के हित व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जो सावधानी बरतने कहा है उस पर सभी व्यापारी अमल करेंगे, जिससे भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति हमारे शहर में ना हो। श्री सोनी ने कहा कि सराफा व्यापारी जो भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र से दूर में व्यापार कर रहे हैं, इस घटना को देखते हुए अब पहले से ज्यादा सावधानी बरतें। लगातार बढ़ते सोने के भाव भी अपराध बढ़ने की वजह हैं। इसलिए सतर्क रहना जरूरी हैं।

# डेढ़ लाख रुपए में लुटेरों को अंबिकापुर छोड़ने का हुआ था सौदा

- सीपत के युवक को दिए गए थे 50 हजार रुपए एडवांस, देर रात पुलिस मिर्जापुर जेल से लुटेरों को लेकर शहर के लिए रवाना हुई

बिलासपुर। सीपत के युवक ने सराफा व्यापारी को लूटने वाले लुटेरों को अंबिकापुर तक छोड़ने के एवज में डेढ़ लाख रुपए का सौदा किया था, उसे 50 हजार रुपए एडवांस भी मिल गए थे, पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। इधर शुक्रवार को यूपी मिर्जापुर कोर्ट से खूंखार लुटेरों को शहर लाने ट्रांजिट रिमांड नहीं मिलने पर सरकण्डा पुलिस ने बिलासपुर जिला न्यायालय से आरोपियों को शहर लाने प्रोडक्शन वारंट जारी कराकर ईमेल के माध्यम से पुलिस टीम को भेजा। देर रात पुलिस टीम जेल से चारों लुटेरों को लेकर शहर के लिए रवाना हो गई है।

17 फरवरी की रात 9.15 बजे राजकिशोरनगर टेलीफोन एक्सचेंज


व्यापारी का जेवर लूटने वालों ने की थी पूरी प्लानिंग, पर धरी रह गई होशियारी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

रोड हुई सराफा व्यापारी राजकिशोरनगर निवासी संतोष तिवारी से लूट के मामले में खूंखार लुटेरे विजय लांबा दिल्ली, मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश, विनोद उर्फ बीनू प्रजापति कोटा राजस्थान, करीब खान बरेली उत्तर प्रदेश को शहर लाने के लिए पुलिस टीम तीन दिन से यूपी मिर्जापुर में पसीना बहा रही है। मिर्जापुर कोर्ट ने लुटेरों का ट्रांजिट रिमांड नहीं दिया। इस पर शुक्रवार को सरकण्डा पुलिस ने बिलासपुर जिला न्यायालय से लुटेरों को शहर लाकर गिरफ्तारी करने के लिए प्रोडेक्शन वारंट की मांग की। कोर्ट ने प्रोडेक्शन वारंट जारी कर दिया है। उसके बाद सरकण्डा पुलिस ने ईमेल के माध्यम से प्रोडेक्शन वारंट मिर्जापुर गई पुलिस टीम को भेजा। इसके बाद पुलिस देर रात मिर्जापुर जेल से चारों लुटेरों को लेकर शहर के लिए रवाना हो गई है। शनिवार को पुलिस टीम लुटेरों को लेकर शहर आ जाएगी।

### स्कार्पियो चालक गया जेल, 50 हजार रुपए जब्त

पुलिस ने आरोपियों को अम्बिकापुर छोड़ने गए स्कार्पियो चालक सीपत झलमला निवास ईरफान अली पिता अकरम अली के पास से 50 हजार रुपए जब्त कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चालक ने लुटेरों से अम्बिकापुर तक छोड़ने के एवज में 1.50 लाख रुपए में सौदा हुआ था और उसे 50 हजार रुपए एडवांस मिले थे। वह खूंखार लुटेरे विजय लांबा के साथ लगातार मोबाइल में बातचीत कर रहा था। जिससे उसकी पहचान हुई और उसे पकड़ा गया है।

### तिहाड़ जेल में हुई थी लुटेरों की मुलाकात

खूखार आरोपी विजय लांबा के खिलाफ 67 मामले दर्ज हैं। दिल्ली के तिहाड़ जेल में रहने के दौरान विजय लांबा की सरकण्डा में होटल व्यवसायी से लूट की कोशिश करने के मामले में बिलासपुर जेल में बंद गगनदीप व अन्य आरोपियों से पहचान हुई थी। सभी ने जेल से बाहर निकलने के बाद बिलासपुर में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। होटल व्यवसायी से लूट की कोशिश के मामले में विजय लांबा फरार था। दो माह बाद फिर से वह अपने साथियों के साथ 17 फरवरी को आया और सराफा व्यापारी श्री तिवारी को अपना शिकार बनाकर साढ़े तीन तोला सोना व 3 लाख 50 हजार रुपए लूट लिया था।

# सहकारी बैंक की महिला क्लर्क ने ओवर राइटिंग कर निकाले पैसे

बिलासपुर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीपत शाखा में पदस्थ एक महिला क्लर्क के द्वारा किसान के विड्रॉल फार्म में ओवर राईटिंग कर अधिक पैसे निकाल लेने का मामला सामने आया है। किसान की शिकायत पर बैंक प्रबंधन ने वाऊचर्स की जांच की, जिसमें ओवर राईटिंग कर राशि बढ़ाकर निकाल लेने की बात सामने आई। पकड़ में आने के बाद कानूनी कार्रवाई के डर से संबंधित महिला क्लर्क ने न केवल किसान को पैसे वापस कर दिए, बल्कि माफी मांगकर शिकायत वापस लेने मिन्नते भी की हैं।

मस्तूरी ब्लॉक अंतर्गत दर्राभाठा के किसान दिलहरण लाल साहू पिता सुकलू साहू ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की सीपत शाखा से अपने खाता क्रमांक 606009038405 से 19 नवंबर 2025 को विड्रॉल फार्म भरकर 10 हजार रूपए निकाले। पासबुक एंट्री में इन्हें 20 हजार रूपए निकासी की जानकारी हुई। इस बात पर इन्होंने बैंक प्रबंधन के समक्ष आपत्ति की। बैंक प्रबंधन ने इनसे लिखित शिकायत लेकर वाऊचर्स की जांच करवाई, जिसमें किसान द्वारा भरी गई दस हजार की रकम में ओवर राईटिंग किया जाना पाया गया।

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की सीपत शाखा का मामला

बैंक की व्यवस्था के अनुसार 25 हजार तक की निकासी सिंगल विंडो से ही हो जाती है, जिसकी क्लियरिंग के लिए प्रकरण ब्रांच मैनेजर तक नहीं जाता। इसी का लाभ संबंधित महिला क्लर्क के द्वारा उठा लिया गया। किसान को भुगतान करने वाली महिला क्लर्क से ओवर राईटिंग के संबंध में कड़ाई से पूछने पर उसने भूल स्वीकार कर ओवर राईटिंग करना भी स्वीकार किया। इस दौरान शिकायतकर्ता किसान के द्वारा पैसे वापस करने नहीं तो सीधे एसपी से शिकायत करने की बात कहने पर महिला क्लर्क ने किसान से शिकायत वापस लेने का निवेदन किया एवं उनके खाते में दस हजार की रकम नगद जमा भी कर दी।

### मामले की पूरी जांच कराई जाएगी

इस मामले में सीईओ से विस्तृत जानकारी ले लेता हूं। मामले की सूक्ष्म जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने की स्थिति में संबंधित पर कड़ी कार्रवाई होगी। लगातार गड़बड़ी में संलिप्त लोगों को लूपलाईन में ही बैठाया जाना चाहिए।

- रजनीश सिंह
अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### कार्रवाई की जाएगी

सीपत ब्रांच मैनेजर से मामले की पूरी डिटेल एवं प्रतिवेदन मंगवा लेते हैं। दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- प्रभात मिश्रा
सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### जांच चल रही है

इस मामले में किसान की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। वाऊचर्स की जांच में विड्रॉल फार्म में ओवर राईटिंग कर अधिक राशि निकालने की बात सामने आई है। जांच अभी चल रही है। अगली कार्रवाई के लिए पूरे प्रकरण का प्रतिवेदन मुख्य शाखा को प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

- सूर्यकांत जायसवाल
शाखा प्रबंधक सीपत

### गलती स्वीकार कर पैसे वापस तो किए लेकिन स्पष्टीकरण में मुकर गई

महिला क्लर्क ने बैंक प्रबंधन के समक्ष किसान से गलती की माफी मांगी व शिकायत वापस लेने का निवेदन किया। संबंधित किसान के खाते में दस हजार नगद जमा भी कर दिए। इसके विपरीत बैंक प्रबंधन को दिए अपने स्पष्टीकरण में महिला ने किसी भी तरह की गड़बड़ी में अपनी संलिप्तता से साफ इंकार कर दिया है। बैंक प्रबंधन अब इस मामले को लेकर मुख्य शाखा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने वाला है।

# कहीं दो, तो कहीं एक महीने का खाद्यान्न वितरण, कार्डधारक असमंजस में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राशन दुकानों में कार्डधारियों को कहीं दो महीने, तो कहीं एक महीने का ही खाद्यान्न जारी किए जाने पर कार्डधारियों में असमंजस की स्थिति निर्मित हो रही है। इसके चलते पतासाजी के लिए लोग न केवल दूसरे राशन दुकानों से संपर्क साध रहे हैं, बल्कि खाद्य विभाग में भी जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी भी ले रहे हैं।

- पतासाजी के लिए राशन दुकान पहुंच रहे कार्डधारी

राशन दुकानों में कार्डधारियों को कहीं फरवरी तो कहीं-कहीं फरवरी के साथ मार्च का खाद्यान्न भी आबंटित किया जा रहा है। ऐसे में लोगों में आपसी असमंजस की स्थिति निर्मित हो रही है। इस संबंध में खाद्य विभाग का कहना है कि ऐसे



कार्ड जो अंत्योदय श्रेणी के हैं व सेंट्रल कोटे से जारी किए गए हैं उन्हें केवल एक महीने फरवरी का ही खाद्यान्न जारी किया जाना है। इसके विपरीत स्टेट कोटे वाले कार्डधारियों को फरवरी के साथ मार्च का खाद्यान्न भी जारी किया जाना है। इस दौरान राशन दुकानों में भंडारण भी एक प्रमुख विषय है। किसी कारणवश किसी राशन दुकान में खाद्यान्न का अपेक्षित भंडारण नहीं हो सका तो ऐसे में दुकानदार एक महीने का खाद्यान्न भी जारी कर सकते हैं।

### दो माह का राशन दिया जाना है

स्टेट कोटे वाले कार्डधारियों को फरवरी एवं मार्च महीने का खाद्यान्न जारी किया जाना है। पर्याप्त भंडारण नहीं होने की स्थिति में भी दुकानदारों के द्वारा एक महीने का राशन दिया जा रहा होगा, लेकिन इसकी संभावना कम ही है।

- अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

### होली में रेलवे चला रही 15 स्पेशल ट्रेनें, बर्थ 300 से अधिक खाली

बिलासपुर। होली पर्व में नार्मल ट्रेनो में भीड़ कम करने के लिए रेल प्रशासन ने एसईसीआर के तीनों डिवीजन में 15 स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जो संबंधित स्टेशनों के बीच एक से दो फेरे के लिए चलाई जाएगी। इन ट्रेनों के लिए रेल प्रशासन ने आरक्षण कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की आनलाइन में बर्थ की बुकिंग शुरु कर दी है, जिसमें 300 ये अधिक बर्थ स्लीपर और एसी में खाली हैं।

मार्च माह के शुरुआती सप्ताह में होली का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व को मनाने के लिए एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ शुरु हो गई है। इस भीड़ के कारण यात्रियों को कंफर्म टिकिट भी नहीं मिल पा रही है। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए और उन्हें कंफर्म बर्थ की सुविधा के लिए रेलवे बोर्ड ने होली पर्व के दौरान 1410 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश जारी कर दिया है। इन 1410 होली स्पेशल ट्रेन में एसईसीआर बिलासपुर जोन को 15 स्पेशल ट्रेन चलाने का आर्डर है, जिसे बिलासपुर, रायपुर, नागपुर डिवीजन से चलाया जाएगा।

# ठगी के मामले में फरार बैंक मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

1 करोड़ 98 लाख रुपए की आनलाइन ठगी के मामले में रेंज साइबर पुलिस ने बैंक मैनेजर व म्यूल बैंक खाता धारक को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है।

रेंज साइबर थाना के टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, कुछ माह पूर्व सीपत क्षेत्र के एक बुजुर्ग व्यक्ति से 1 करोड़ 98 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई थी। बैंक खातों की जांच के बाद पुलिस ने पुणे में दबिश देकर बैंक मैनेजर नितेश चंद्रकांत चुटने व म्यूल बैंक खाताधारक पुणे निवासी धनंजय आबूराव सावले को गिरफ्तार कर लिया है। बैंक मैनेजर के द्वारा


गिरफ्तार आरोपी

### 1 करोड़ 98 लाख रुपए की आनलाइन ठगी का मामला

जालसालों से सांठगाठ कर म्यूल बैंक खाता खोला जाता था। खाता धारक धनंजय के खाते में 22 लाख रुपए का लेनदेन हुआ था। पुलिस ने अब तक जालसाजों के बैंक खाते में 30 लाख रुपए होल्ड करा चुकी है।


जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय
करने वाले यशस्वी मुख्यमंत्री
मान.श्री
विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिवस की अशेष शुभकामनाएं...
तिलकराम साहू
वार्ड क्र. 48
रमेश पटेल
वार्ड क्र. 13
हेमंत मरकाम
वार्ड क्र. 14
जय वाधवानी
वार्ड क्र. 50
प्रितेश सोनी
वार्ड क्र. 51
श्रीमती रेखा सूर्यवंशी
वार्ड क्र. 53
श्रीमती रानी देवांगन
वार्ड क्र. 54
श्रीमती मनोरमा यादव
वार्ड क्र. 55
श्रीमती रूपाली गुप्ता
वार्ड क्र. 56
श्रीमती रेखा पाण्डेय
वार्ड क्र. 57
श्रीमती कमला पटेल
वार्ड क्र. 58
श्रीमती ममता मिश्रा
वार्ड क्र. 68
शुभेच्छु : समस्त भाजपा कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### आरटीई के तहत आवेदन 31 मार्च तक

मुंगेली। निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार आरटीई अंतर्गत निजी विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश हेतु आवेदन 31 मार्च तक किया जा सकता है। आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन में दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत पात्र–अपात्र का निर्धारण कर लॉटरी आबंटन 13 से 17 अप्रैल तक, स्कूल दाखिला 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा।

### चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर की चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

मुंगेली। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर के पद पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच व साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। सूची का अवलोकन जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय की सूचना पटल पर मेरिट सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

## निधन

### शरद चंद्र शेष



बिलासपुर। किला वार्ड जूना बिलासपुर निवासी शरद चंद्र शेष का 20 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निज आवास से मधुबन नारियल कोठी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शशांक शेष, विवेक शेष, मिलिंद शेष के पिता थे व चंद्रशेखर शेष के भाई थे।

### मनीष देवांगन



बिलासपुर। जूना बिलासपुर निवासी मनीष देवांगन का निधन 19 फरवरी को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 20 फरवरी को मधुबन दयालबंद में किया गया। वे राजेश देवांगन के पुत्र और मनोहर देवांगन के भतीजे थे।

### नकछेद यादव

बिलासपुर। ग्राम मुरू निवासी नकछेद यादव का गुरुवार 19 फरवरी को निधन हो गया। वे बहोरन यादव के भाई एवं मनहरण, दिलहरण, दिलीप यादव के पिता थे।

17 वर्षों से निभाई जा रही है यह सामाजिक परंपरा

# भैरव बाबा मंदिर में सामूहिक विवाह, 7 जोड़े बने जीवनसाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले के रतनपुर स्थित भैरव बाबा मंदिर परिसर में शुक्रवार 20 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 7 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। महंत अवस्थी ने बताया कि, सामूहिक विवाह का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमा और सम्मान के साथ संपन्न कराना है। उन्होंने कहा कि, विवाह समारोहों में बढ़ते आडंबर और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए यह पहल अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है। एक ही मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जब कई जोड़े विवाह बंधन में बंधते हैं, तो समाज में समरसता और सहयोग का सकारात्मक संदेश प्रसारित होता है।



### विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में आयोजन संपन्न

निशुल्क सामूहिक विवाह संस्कार को आचार्य पंडित राजेंद्र दुबे के सान्निध्य में संपन्न कराया गया। उप आचार्य पंडित कान्हा तिवारी, पंडित दिलीप दुबे, महेश्वर पांडेय, सहयोगी पंडित दीपक अवस्थी, राजेंद्र तिवारी और राजेश्वर मिश्रा सहित अन्य विद्वान जनों एवं सेवादारों ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### एक दिन पहले हुआ उपनयन संस्कार

महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने जानकारी दी कि, विवाह आयोजन से एक दिन गुरुवार को पूर्व ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार भी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न इस संस्कार ने धार्मिक वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। उन्होंने बताया कि पिछले 17 वर्षों से मंदिर में निरंतर सामूहिक विवाह और उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है।

### 7 जोड़े बने जीवन साथी, मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़

मंदिर में आयोजित इस निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह में 7 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की। वर-वधू पक्ष के परिजन और रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वैदिक विधि-विधान से सभी वैवाहिक रस्में संपन्न कराई गईं, जिससे पूरा परिसर मंत्रोच्चार और मंगल गीतों से गूंज उठा। मंदिर समिति की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों को सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। प्रत्येक दुल्हन को सोने के नाक के आभूषण और पैरों के लिए चांदी के आभूषण भेंट किए गए। साथ ही दूल्हा-दुल्हन को वस्त्र, पारंपरिक पगड़ी और गृहस्थी के लिए पांच आवश्यक बर्तन भी प्रदान किए गए।

# शांतिपूर्ण हुई पहले दिन की परीक्षा, 162 छात्र अनुपस्थित



परीक्षा दिलाते परीक्षार्थी

**मुंगेली/लोरमी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की ओर से आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों ने भौतिक शास्त्र और भूगोल विषय की परीक्षा दी। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हुई। भौतिक शास्त्र विषय के 3 हजार 11 और भूगोल विषय के 2 हजार 890 सहित कुल 5 हजार 901 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 162 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। नकल प्रकरण निरंक रहा। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार नकल रोकथाम एवं निगरानी के लिए पांच निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला स्तर पर 5 निरीक्षण दल गठित किए गए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी दल गठित कर परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोरमी और अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्न पत्र वितरण प्रक्रिया एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। थाना लोरमी एवं खुड़िया स्ट्रांग रूम पहुंच कर समयानुसार केंद्र अध्यक्षों को बारहवीं के लिए परीक्षा प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया। महाराणा प्रताप उमा विद्यालय का निरीक्षण विखं शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने किया। बीईओ ने बताया कि, आज हायर सेकेंडरी परीक्षा मे कुल 23 केन्द्र में भौतिक विषय में दर्ज 1 हजार 104 में से 1 हजार 94 उपस्थित व 10 अनुपस्थिति रहे। इसी तरह भूगोल विषय में 1 हजार 188 दर्ज में से 1 हजार 77 उपस्थित एवं 11 अनुपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की दो दिवसीय हड़ताल

**तखतपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ तखतपुर ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 26 एवं 27 फरवरी को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश-हड़ताल पर रहने की घोषणा की है। इस संबंध में संघ ने परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग तखतपुर में ज्ञापन सौंपा है। संघ की अध्यक्ष सुचिता शर्मा ने बताया कि, प्रदेश स्तर पर लंबित मांगों के निराकरण नहीं होने से कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं में आक्रोश है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि, यदि शासन की ओर से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि, 26 व 27 फरवरी



को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्य प्रभावित रहेगा। साथ ही 28 फरवरी को संबंधित कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने-अपने केंद्रों में उपस्थित रहेंगी। संघ ने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान निकालने की अपील की है।

# शराब दुकान का विरोध तेज, युकां ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटमीकला में नई शराब भट्ठी खोलने के सरकारी प्रस्ताव का कड़ा विरोध शुरू हो गया है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन शर्मा ने इस संबंध में जिला कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में अमन शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि, कोटमीकला एक शांत और ग्रामीण क्षेत्र है, जहां अब तक सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा कायम है। ऐसे क्षेत्र में शराब भट्ठी खोले जाने से न केवल अपराधों में वृद्धि की आशंका है, बल्कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने कहा कि, ग्रामीण अंचलों में शराब की उपलब्धता बढ़ने से घरेलू हिंसा, आपसी विवाद और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने का खतरा रहता है। अमन ने कहा कि, क्षेत्र की जनता लंबे समय से बेहतर सड़क, सुसज्जित अस्पताल, उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज और रोजगार के अवसरों की मांग कर रही है। इसके विपरीत प्रशासन द्वारा शराब भट्ठी खोलने की प्रक्रिया शुरू किया



जाना जनभावनाओं के विपरीत है। ज्ञापन के माध्यम से यह चेतावनी भी दी गई कि, राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण अंचलों के सामाजिक ढांचे के साथ समझौता न किया जाए। यदि प्रशासन ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित निविदा को निरस्त नहीं किया और क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजनाओं पर कार्य प्रारंभ नहीं किया, तो समस्त ग्रामवासी और युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# पहचान पत्र से किसानों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अंतर्गत एग्रीस्टैक परियोजना के माध्यम से देशभर में किसानों के हित में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत सभी कृषि भूमिधारकों के लिए फार्मर लैंड आईडी एवं किसान पहचान पत्र तैयार किया जाना अनिवार्य है, ताकि किसानों को शासन की योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ मिल सके। इसी तारतम्य में शेष किसानों के पंजीयन को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के उद्देश्य से 28 फरवरी तक ग्राम स्तर पर विशेष पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का भुगतान केवल उन्हीं किसानों को किया जाएगा, जिनकी किसान आईडी तैयार हो चुकी है। ऐसे में जिन किसानों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है, वे शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित कराएं।




## खबर संक्षेप

### विधायक अमर ने किया शिक्षक फेडरेशन के कैलेंडर का विमोचन



**बिलासपुर।** विधायक अमर अग्रवाल के निवास कार्यालय में आज नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला शाखा का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के प्रदेश सलाहकार रंजीत बनर्जी ने विधायक श्री अग्रवाल का स्वागत किया और अश्विनी कुमार कुर्रे जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सभी ब्लॉक अध्यक्ष ने विधायक का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी कुमार कुर्रे, वीरेन्द्र यादव, चन्द्र प्रकाश तिवारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विकास कायरवार, संदीप ठाकुर, अजीत कुजूर, देवेन्द्र कुमार साहू, संतू यादव, आशुतोष राजपूत, संजय यादव, राधे श्याम पाटले, समीर कौशिक, रीतेश दीक्षित, बालेश्वर बंजारे, इन्द्र मन मरावी, विवेक तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक समाज संरचना सृजनकार होता है। यह जानकारी वीरेन्द्र यादव ने दी।

### रमन विश्वविद्यालय ने नेहा को दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय ने नेहा सिंह को से पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय महिला विकास कार्यक्रम का ग्रामीण महिलाओं के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन ( बिलासपुर जिले के विशेष संदर्भ में ) है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ.रीना तिवारी के मार्गदर्शन में पूरा किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय डॉ ऋचा यादव, प्रमोद शुक्ला व पिता बिरेन्द्र सिंह, माता निर्मला सिंह एवं पति हितेश, बेटी वाची सहित अन्य लोगों को दिया।

### कलिंगा विवि ने निधीश को डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया



**बिलासपुर।** डी पी विप्र कालेज के इलेक्ट्रॉनिक विभाग के विभागाध्यक्ष निधीश चौबे को इलेक्ट्रॉनिक विषय में कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर ने डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। प्रोफेसर निधीश सक्ति कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक स्वर्गीय प्रो श्यामाचरण चौबे के सुपुत्र हैं।

### जेके कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बिलासपुर।** जेके एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, आर्ट्स एंड कॉमर्स के राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ योग सत्र से हुआ। योगाचार्य विनोद डहरिया ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा स्वस्थ जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के अंतर्गत घर-घर जाकर महिला सशक्तिकरण, जल संरक्षण तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में भारत स्काउट एवं गाइड बिलासपुर की जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ. पूनम सिंह, डॉ. प्रदीप निर्णेजक, महेंद्र बाबू टंडन तथा प्राध्यापक डॉ. सलीम खोखर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### यात्रियों की सुविधा के लिए दो फेरा लगाएगी दुर्ग-निजामुद्दीन 1 व 2 को

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्यरेलवे के अनुसार 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली फेस्टिवल स्पेशल दुर्ग से 1 एवं 2 मार्च को दो फेरे चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन–दुर्ग होली फेस्टिवल स्पेशल निजामुद्दीन से 2 एवं 3 मार्च को 2 फेरे के लिए चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है। समय सारिणी के अनुसार गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली स्पेशल दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होकर रायपुर, उसलापुर दोपहर 13.20 बजे, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, दूसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट, मथुरा, 11.10 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन–दुर्ग होली स्पेशल निजामुद्दीन से 12.30 बजे रवाना होकर उस्लापुर 14.10 बजे होते हुए 18.20 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में एक पावर कार, एक एसएलआरडी, चार सामान्य, 7 स्लीपर, 5 एसी-थ्री, एक एसी-टू एवं एक एसी-फर्स्ट सह एसी-टू सहित कुल 20 कोच उपलब्ध रहेंगे।

### बिलासपुर से चर्लपल्ली दो फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 08263/08264 बिलासपुर–चर्लपल्ली और चर्लपल्ली से बिलासपुर स्पेशल ट्रेन का 1 फेरे के लिए परिचालन करेगी। यह स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 27 फरवरी एवं चर्लपल्ली से 28 फरवरी को चलेगी। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 स्लीपर, 3 एसी-थ्री, एक एसी-टू सहित कुल 18 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर–चर्लपल्ली स्पेशल बिलासपुर से 8.15 बजे रवाना होकर भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वडसा, चांदाफोर्ट, बलहारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, काजीपेट जंक्शन होते हुए 23.50 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08264 चर्लपल्ली–बिलासपुर स्पेशल चर्लपल्ली से 5 बजे रवाना होकर 22.30 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

### तिरुपति से रक्सौल के बीच तीन फेरा लगाएगी आज से

**बिलासपुर।** तिरुपति से 07051 नंम्बर के साथ 21, 28 फरवरी एवं 7 मार्च को तथा रक्सौल से गाड़ी संख्या 07052 नम्बर के साथ 24 फरवरी 3 एवं 10 मार्च को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 7 एसी थ्री, 3 एसी टू टायर, 6 स्लीपर, 2 सामान्य एवं 4 एसएलआर सहित कुल 22 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 07051 नंम्बर तिरुपति से 08.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन गोंदिया, दुर्ग, रायपुर होकर बिलासपुर 11.50 से 12.00 बजे तक होकर झारसुगुड़ा, तीसरे दिन रक्सौल 13.30 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या 07052 नम्बर के साथ रक्सौल से 08.30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन झारसुगुड़ा, बिलासपुर 11.40 बजे होते हुए तीसरे दिन तिरुपति 18.30 बजे पहुंचेगी।

सीयू के खिलाफ हाईकोर्ट में लगा है अवमानना का केस | 109 कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# आदेश का पता नहीं, सीयू ने दैवेभो मामले में कोर्ट को दी नियमित करने की जानकारी

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी अवमानना मामले में हाईकोर्ट को कर्मचारियों को नियमित किए जाने की जानकारी दी है, जबकि नियमितीकरण के संबंध आदेश का अतापता नहीं है। इस आशय का आदेश भी यूनिवर्सिटी ने अब सर्कुलेट नहीं किया है।



गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने अवमानना मामले में सुनवाई दौरान दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पहले ही नियमित किए जाने की बात कही है और कोर्ट में आदेश पेश किया है। इस पर कोर्ट ने अन्य परिणामिक लाभ भी 24 अप्रैल तक देने के निर्देश यूनिवर्सिटी प्रशासन को दिए हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा मार्च 2009 में नियमितीकरण का पुराने आदेश को निरस्त कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी का ही वेतन दिया गया। इसे मो. हारून, मेलाराम व अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर हाईकोर्ट के सिंगल बेंच ने माना कि यह कर्मचारी 10 साल से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। इनका नियमितीकरण का आदेश राज्य शासन ने यूनिवर्सिटी के रिक्त पदों के आधार पर ही किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने समस्त लाभ देने का आदेश देते हुए कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश दिया था। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी, वहां भी यूनिवर्सिटी खिलाफ आदेश हुआ। यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लगाई जो निरस्त हो गई। इसके बाद रिव्यू पिटीशन लगाई जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी।

इसी मामले में धन्नू पांडेय समेत कुछ अन्य कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है जिसपर सुनवाई दौरान यूनिवर्सिटी की ओर से 16 फरवरी का आदेश पेश किया गया, जिसमें कहा गया है कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पिछली तारीख 26 अगस्त 2008 से नियमित किया जाता है। इन सबके परिणामिक लाभों के लिए यूजीसी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से परामर्श मांगा गया है। कोर्ट ने पूछा कि आपने नियमित तो किया है मगर शेष बचे देयकों और परिणामिक लाभ कब देंगे। इस पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि यूजीसी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से निर्देश मिलते ही सारी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### मामला एक नजर में कर्मचारियों का नियमितीकरण मामला

- स्टेट यूनिवर्सिटी दौरान वर्ष 2008 में 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया गया
- सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद 19 फरवरी 2010 को नियमितकरण आदेश रद्द
- दैवेभो कर्मचारी हाईकोर्ट में याचिका लगाए, कोर्ट ने 6 फरवरी 2023 को कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया
- इसके बाद हाईकोर्ट से यूनिवर्सिटी की रिट अपील खारिज
- यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की, जिसे सुको ने 15 मई 2014 को खारिज कर दिया
- यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की जो 12 फरवरी 2025 को खारिज हो गई
- यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट में उपचारात्मक याचिका दायर की जिसे कोर्ट ने 2 जनवरी 2026 को खारिज कर दिया

### कार्य परिषद ने लिया यह फैसला

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में न्यायालय से कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय आया है। सुप्रीम कोर्ट से गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन उपचारात्मक याचिका क्युरटिव पिटीशन खारिज होने के बाद पिछले माह यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की आपात बैठक बुलाई गई थी। इसमें दैनिक वेतनभोगी 109 कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी न्यायालयों के फैसलों संबंधी एजेंडा पर चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि इस मामले में लिगल ओपिनियन लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं यूजीसी को कर्मचारियों के पद व फंड के लिए प्रस्ताव भेजा जाए।

### कई की मृत्यु व सेवा समाप्त हो चुकी

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में 109 कर्मचारियों को नियमितीकरण दिया गया था जिसे बाद में निरस्त किए जाने से सारा विवाद उठा। अब हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कर्मचारियों के पक्ष में फैसला आ चुका है। लेकिन 109 में से 8 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और 18 कर्मचारियों की सेवा समाप्त हो चुकी है। इस तरह से वर्तमान में 72 कर्मचारी कार्यरत हैं।

डिप्टी सीएम ने नए पदाधिकारियों को दिलाई शपथ, वक्ताओं ने की बिलासपुर प्रेस की सराहना

# प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी शहर के गौरव को आगे बढ़ाएगी: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रेस क्लब बिलासपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्रेंड अम्बा होटल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अध्यक्ष अजीत मिश्रा की नई टीम को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने की। विशेष अतिथियों में बेलतरा विधायक - सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी तथा नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप थे। हाल ही में प्रशासन द्वारा बिलासपुर प्रेस क्लब का चुनाव कराया गया था। जिसमें विकास पैनल से अजीत मिश्रा एवं पूरी टीम एकतरफा निर्वाचित हुई है। विकास पैनल के उपाध्यक्ष पद पर विजय क्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार सिंह, सह सचिव हरिकिशन गंगवानी तथा कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव चुने गए। मुख्य अतिथि एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कड़ी मेहनत और एकजुटता के साथ यह टीम बिलासपुर का नाम और ऊंचा करेगी। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब से अनेक वरिष्ठ पत्रकार निकले हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर बिलासपुर को पहचान बनाई है। नई टीम इस गौरव को और आगे बढ़ाएगी। उन्होंने पत्रकारिता को चुनौतीपूर्ण क्षेत्र बताते हुए कहा कि इसमें निरंतर मेहनत, प्रतिबद्धता और निष्पक्षता की आवश्यकता होती है। प्रेस क्लब से जुड़ने वाले नए पत्रकारों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने इसमें राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारों को भी आमंत्रित करने का सुझाव दिया।



### नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत ने सरकार के सामने रखी पांच प्रमुख मांगे

नव निर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने सरकार के सामने पांच प्रमुख मांगे रखी। इस पर विचार कर शासनस्तर पर निर्णय लेने का अनुरोध किया। इस पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मांगों पर शासन स्तर पर परीक्षण कराकर कार्रवाई कराई जाएगी और जो संभव होगा उसे पूरा किया जाएगा। सचिव संदीप करिहार स्वास्थ्य गत कारणों से शहर से बाहर थे इसलिए उन्होंने वर्चुवली शपथ ली। क्लब के उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान अवस्थी, मनोज शर्मा, तिलक राज सलूजा, विरेन्द्र गहवई, संपादक प्रवीण शुक्ला, ढाल सिंह पारधी, विश्वेष ठाकरे, पियूषकांति मुखर्जी, सतीश जायसवाल दिलीप अग्रवाल समेत वरिष्ठ पत्रकार समेत सैकड़ों साथी मौजूद थे।

### पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा नई टीम ने

बिलासपुर प्रेस क्लब के दिन रात मेहनत करने वाले पत्रकारों का भी अपना एक घर हो। इस कड़ी में बिलासपुर जिले में पत्रकारों के लिए भूमि आंबटन कराने की मांग की गई। पत्रकारों को दी जाने वाली पेंशन योजना में दस वर्ष की अधिमान्यता अवधि को कम करके पांच वर्ष किया जाए ताकि हमारे दैनिक अखबार में काम करने वाले सैकड़ों साथियों को सरकार की इस योजना का लाभ मिल सके। बिलासपुर प्रेस क्लब के स्कैनर युक्त परिचय पत्र पर हमारे सदस्य पत्रकारों को टोल मुक्त यात्रा का लाभ दिलाने की घोषणा लोनिवि मंत्री के रूप में की जाए। प्रदेश में निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए पत्रकार आयोग का गठन कराया जाए ताकि पत्रकारों को सुरक्षा और न्याय सुलभ हो सके। इसमें प्रेस क्लब का प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया जाए। स्वास्थ्यगत कारणों अथवा दुघर्टना के बाद पत्रकारों या उनके परिजनों को भटकना पड़ता है ऐंसे में उनके लिए आकस्मिक फंड की घोषणा की जाए।

### बिरकोना पत्रकार कॉलोनी में सडक़ निर्माण के लिए 8 करोड़ रुपए की स्वीकृति

उप मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि बिरकोना स्थित पत्रकार कॉलोनी में सडक़ निर्माण के लिए 8 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। साथ ही प्रेस क्लब भवन के कायाकल्पर्ण का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने न्यायधानी की गरिमा के अनुरूप प्रेस क्लब को मजबूत बनाने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ प्रेस को माना गया है। उन्होंने बताया कि प्रेस जगत द्वारा उठाए गए मुद्दों पर राजधानी रायपुर में उच्च स्तरीय बैठकों में चर्चा कर निर्णय लिया जाना, इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है।

### क्षेत्रीय हितों की रक्षा में प्रेस की अहम भूमिका

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेस क्लब केवल समाचार प्रकाशन तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय हितों की रक्षा में भी इस संस्था की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने बिलासपुर में रेलवे जोन और केंद्रीय विवि की स्थापना में प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। विधायक सुशांत शुक्ला ने प्रेस क्लब की निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि बिलासपुर को उसका वाजिब हक दिलाने में मीडिया ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने शासन स्तर पर पत्रकारों के हितों के लिए हर संभव निर्णय कराने का आश्वासन दिया।

सीयू कार्य परिषद का निर्णय

# पांच नियमित कर्मचारियों को संविदा करने पर लगी मुहर

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजीसी ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में कार्यरत टेक्निकल पांच अधिकारियों-कर्मचारियों के रेगुलर नियुक्ति को संविदा में परिवर्तित करने का अंतिम निर्णय हो गया है। शनिवार को यूनिवर्सिटी में हुई कार्य परिषद की बैठक में इस निर्णय पर मुहर भी लग गई है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शनिवार शाम को कार्य परिषद की बैठक हुई, जिसमें कुछ न्यायालय से जुड़े हुए मामले रखें गए थे। इसके अलावा यूजीसी मानवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी को पहले एचआरडीसी और उससे पहले एकेडमिक स्टाफ कालेज के नाम से जाना जाता था, वहां पर नियुक्ति का मामला भी रखा गया। इस ट्रेनिंग सेंटर में जहां पर टीचरों को ओरिएंटेशन कोर्स, रिफ्रेशर कोर्स जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। वहां के नियुक्ति के संबंध में यूजीसी से पत्र आया था, उसके बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 20 जनवरी को एकेडमिक कौंसिल की स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें एमएमटीटीसी अंतर्गत विभिन्न गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियों की शर्तों में परिवर्तन किए जाने की संस्तुति की गई तथा इन्हें कार्यकालिक नियमिति नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यूजीसी ने एमएमटीटीसी में आवश्यकतानुसार संविदा आधार पर सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने की बात कही है। स्टेडिंग कमेटी के बाद यह मामला विद्या परिषद में रखा गया था और विद्या परिषद के बाद आज कार्य परिषद में मामला आया, जिसमें नियमित अधिकारी-कर्मचारी के पद पर कार्यरत पांच लोगों को संविदा में तब्दील किए जाने का अंतिम निर्णय हो गया और विद्या परिषद के निर्णय का अनुमोदन किया गया।

### वर्ष 2023 में की गई थी भर्ती

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए 17 मई 2023 को विज्ञापन निकाला गया था। इस विज्ञापन के अनुसार टेक्नीकल आफिसर ,सेक्शन आफिसर, जूनियर असिस्टेंट, सीनियर असिस्टेंट, हास्टल अटेडेंट, मल्टी टास्किंग स्टाफ इन पदों पर भर्ती की गई थी।

### इनकी हुई थी नियुक्ति

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत जिन पांच लोगों की नियमित नौकरी को संविदा में तब्दील किए जाना है उनमें एमएमटीटीसी टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट सुरेश कुमार का नाम शामिल हैं। इनमें ज्यादतर यूनिवर्सिटी स्टाफ के रिस्तेदार बताए जा रहे हैं।

### रेलवन एप से एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म का विस्तार

**बिलासपुर।** रेलवे में यात्रियों को एक ही एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सभी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवन ऐप का विस्तार किया जा रहा है। नवाचार का उद्देश्य यात्रियों को अलग-अलग ऐप्स की जटिलताओं से मुक्त कर एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म प्रदान करना है, जहां अनारक्षित टिकटिंग सहित समस्त यात्री सेवाएं प्राथमिक केंद्र के रूप में उपलब्ध रहेंगी। सुगम ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के लिए इस एकीकरण को चार चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत यूटीएस ऐप पर नए पंजीकरण और वेबसाइट सेवाओं को सीमित कर दिया गया है, जबकि मौजूदा उपयोगकर्ताओं के आर-वालेट को सुरक्षित रूप से 'रेलवन' वॉलेट में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

# अटल विवि में 55 करोड़ का अनुमानित बजट पास, 9 करोड़ का घाटा दर्शाया



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को कार्य परिषद की बैठक हुई। कार्य परिषद के बैठक में यूनिवर्सिटी का बजट पास हुआ, जिसमें 9 करोड़ रुपए का घाटा दर्शाया गया। इस तरह बैठक में लगभग 55 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट पास किया गया।

अटल यूनिवर्सिटी में आज कार्य परिषद की बजट बैठक रखी गई थी, जिसमें यूनिवर्सिटी के बजट पर चर्चा हुई। यूनिवर्सिटी में लगभग 55 करोड़ रुपए आय का बजट पेश किया गया, जिसमें लगभग 65 करोड़ रुपए व्यय बताया गया। इस तरह लगभग 9 करोड़ रुपए घाटे का बजट पास हुआ है, जिसकी भरपाई करने पर विचार किया गया।

■ कार्यपरिषद की बैठक में 9 करोड़ रुपए घाटे का बजट पेश

कार्य परिषद में पिछले बैठक के निर्णयों की पुष्टि की गई और निर्माण संबंधी भवन समिति के निर्णय का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में पांच शोध पीठों शहीद नंदकुमार पटेल, अटल बिहारी वाजपेयी, बलदेव प्रसाद मिश्र, दीनदयाल मिश्रा व डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर शोध पीठ स्थापना सहित उनमें निदेशकों की नियुक्ति, अन्य स्टाफ की व्यवस्था, अधोसंरचना आफिस, वित्तीय व्यवस्था आदि विषयों को लेकर भी चर्चा हुई।

कार्य परिषद की अध्यक्षता कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी की, साथ ही रजिस्ट्रार डॉ. तारणीश गौतम सहित सदस्य के रूप में मैटस यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलपति डॉ. केपी यादव, प्रो. डीएसव्हीजीके कलाधर डॉ. जयश्री शुक्ला, डॉ. किरण चौहान, शासकीय जेपी वर्मा कालेज के प्राचार्य डॉ. एसएल निराला, पीएनएस कालेज प्राचार्य एसके शर्मा, शासकीय मिनीमाता गर्ल्स कालेज कोरबा के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह, संतोष तिवारी, प्रफुल्ल शर्मा, बृजेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे। पास किए गए बजट का कार्यपरिषद के सदस्यों ने स्वागत किया।

# एयू में कुलपति कांफ्रेंस का उद्घाटन आज

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में ट्रांसफार्मिंग यूनिवर्सिटीज फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट विषय पर दो दिवसीय कुलपति कांफ्रेंस होने जा रही है, जिसका उद्घाटन शनिवार को कुलाधिपति गवर्नर रमेन डेका करेंगे। इस कांफ्रेस में देशभर के करीब 41 वर्तमान और पूर्व कुलपतियों के शामिल होने की संभावना है।

■ देशभर से वर्तमान व पूर्व कुलपति होंगे शामिल

अटल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय कुलपति कांफ्रेंस को लेकर प्रेसवार्ता में कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने बताया कि यह कांफ्रेंस 21 व 22 फरवरी को होगा और पहले दिन इसका उदघाटन करने गवर्नर रमेन डेका आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को ही यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में उनका कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और कार्यकाल के आखिरी में यह बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने इस यूनिवर्सिटी को यूनिवर्सिटी का पूरा स्वरूप देने का काम किया है। एकेडमिक गतिविधियां, परीक्षा आयोजन, परिणाम घोषित करने से एनईपी तहत सेमेस्टर सिस्टम संचालित करने में यूनिवर्सिटी अग्रणी रहा है। वे जब आए तब पीएचडी गतिविधि शून्य थी और केवल दो पीएचडी उपाधि शुरू में दे पाएं थे, उसके बाद पिछले दीक्षांत में 52 और इस दीक्षांत में 64 पीएचडी उपाधि प्रदान किए हैं। इस बार भी प्री-पीएचडी के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। कुलपति श्री वाजपेयी ने बताया कि यूनिवर्सिटी को वायलेट बनाने 100 से अधिक सेमिनार कराए और करीब 57 एमओयू किए हैं। फायनेंशियल स्थिति पहले ऐसे थी कि केवल 2 करोड़ रुपए ग्रांट मिलता जिसे बढ़ाकर अब 10 करोड़ ग्रांट कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी में शुरुआत में टीचर्स की कमी थी जिसे दूर करने का प्रयास किया गया है और टीचिंग के पदों में नियुक्ति भी हो गई है। यूनिवर्सिटी अपने नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो चुकी है और लगभग 100 करोड़ के नए भवन निर्माण के लिए काम चल रहा है।

## बिजनेस प्लस



# सी भगत तरचंद रेस्टोरेंट का शहर में भव्य शुभारंभ

**बिलासपुर।** सी भगत तरचंद रेस्टोरेंट बिलासपुर में एक प्रसिद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट है, जो अपने स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों के लिए जाना जाता है। इसके संचालक ने बताया कि इस रेस्टोरेंट की स्थापना 1895 में तरचंद चावला ने की थी। तब से यह रेस्टोरेंट भारतीय व्यंजनों का एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

इस रेस्टोरेंट की विशेषता है इसके पारंपरिक व्यंजन जैसे कि फुलके, दाल फ्राई और चास जो बीयर की बोतल में परोसा जाता है, जिसे कुटची बीयर कहा जाता है। इसके अलावा रेस्टोरेंट में शाकाहारी रोल्स और अन्य व्यंजन भी उपलब्ध हैं। सी भगत तरचंद रेस्टोरेंट की एक और विशेषता यह है कि इसका आधुनिक और पारंपरिक डिजाइन रेस्टोरेंट का इंटीरियर स्लेक और मिनिमलिस्ट है, जो इसे एक आधुनिक और आरामदायक वातावरण प्रदान करता है। इस रेस्टोरेंट को कई पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। यह भारतीय व्यंजनों के प्रेमियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण है। यदि शाकाहारी व्यंजनों का आनंद लेना चाहते हैं, तो सी भगत तरचंद रेस्टोरेंट एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

इसका उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव ने यहां उपलब्ध व्यंजनों की जमकर तारीफ की। उन्होंने रेस्टोरेंट को काफी सुविधाजनक बताया। वहीं नगर निगम की महपौर पूजा विधानी ने संचालक को रेस्टोरेंट के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




श्रमण

## विधानसभा पहुंचीं छात्राएं सीखीं सदन की कार्यवाही, संस्कृति से रूबरू



**बिलासपुर।** पीएमश्री समग्र शिक्षा योजना के तहत पीएमश्री सेजेस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकण्डा की छात्राओं ने एक विशेष 'एक्सपोजर विजिट' में हिस्सा लिया। इन छात्राओं ने नवा रायपुर जाकर छत्तीसगढ़ विधानसभा और 'शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी संग्रहालय' का विस्तृत शैक्षिक भ्रमण किया। राजधानी अटल नगर के सेक्टर 19 स्थित विधानसभा परिसर पहुंचकर छात्राओं ने सदन की कार्यवाही और विधानसभा सत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से प्राप्त कीं। आदिवासी गौरव और संस्कृति की झलकः 'शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी संग्रहालय' में छात्राओं ने स्वतंत्रता से पहले हुए विभिन्न आदिवासी आंदोलनों और उनके विद्रोह के गौरवशाली इतिहास को करीब से समझा। इसके अलावा, उन्होंने आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति— जैसे उनके रीति-रिवाज, खान-पान, परम्पराओं, उत्सवों और मधुर संगीत का भी गहराई से अवलोकन किया। इस विशाल एक्सपोजर विजिट का सफल आयोजन विद्यालय की प्राचार्या डॉ गायत्री तिवारी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

सम्मान

## शहर की आईसीएआई शाखा को मिलेगा बेस्ट ब्रांच अवार्ड



**बिलासपुर।** शहर की आईसीएआई बिलासपुर शाखा का सीआईआरसी द्वारा बेस्ट ब्रांच अवार्ड के लिए चयन किया है, यह सम्मान शाखा द्वारा वर्ष 2025 में किए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। यह पुरस्कार आगामी 21वें वार्षिक समारोह में प्रदान किया जाएगा, जो 23 फरवरी को चित्तौड़गढ़ राजस्थान में आयोजित है। इस समारोह में विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। बिलासपुर शाखा ने वर्ष भर विद्यार्थियों एवं सदस्यों के हित में विभिन्न सेमिनार, कार्यशालाएँ, कौशल विकास कार्यक्रम तथा सामाजिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया। शाखा की सक्रियता, अनुशासन एवं समर्पण भावना ने इसे यह विशिष्ट उपलब्धि दिलाई है। शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा, सचिव सीए उदय चौरसिया एवं समस्त प्रबंध समिति सदस्यों ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी सदस्यों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों को दिया है, जिनके निरंतर सहयोग एवं सहभागिता से यह सम्मान संभव हो सका।

कार्यक्रम

## श्याम भजन की दिव्य संध्या आज गायक राज, संजू व पूजा देंगी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** श्याम मित्र मंडल द्वारा फागुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी के पावन अवसर पर भव्य, दिव्य एवं अलौकिक श्याम कीर्तन का आयोजन शनिवार को रायपुर रोड स्थित शिवाइन हॉटल में शाम 6 बजे से किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक आयोजन में श्याम प्रभु की भक्ति रस से सराबोर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, गायक राज पारिक, कोलकाता संजू शर्मा ,कोलकाता पूजा सखी चंडीगढ़ जिससे समस्त श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण का अनुभव कर सकेंगे। मंडल के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अवसर पर प्रतिष्ठित श्याम भक्तों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। श्याम मित्र मंडल ने नगर के समस्त श्याम प्रेमी एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे इस दिव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और श्याम नाम के संकीर्तन का पुण्य लाभ प्राप्त करें।




कार्यक्रम

## जेबीएन चैप्टर का शुभारंभ, रेफरल नेटवर्क का होगा विस्तार



**बिलासपुर।** जैन समाज के जीतो ग्रुप द्वारा जीतो बिजनेस नेटवर्क जेबीएन का शुभारंभ महाराणा प्रताप चौक स्थित श्रीवैरी होटल में कॉफी मीटिंग के माध्यम से हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से जेबीएन के पदाधिकारी उपस्थित रहे, साथ ही बिलासपुर समाज के संरक्षक और अध्यक्ष भी मौजूद थे। समाज के अमरेश जैन ने बताया कि बिलासपुर में जेबीएन का चैप्टर शुरू होने जा रहा है, जिसके संबंध में एक आवश्यक मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में विभिन्न छोटे-बड़े व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी शामिल हुए और विकास के लिए चर्चा की। जीतो एक वैश्विक संगठन है जो जैन व्यावसायिक, पेशेवरों और उद्यमियों को सामाजिक- आर्थिक सशक्तिकरण, नैतिक नेटवर्किंग, शिक्षा और समाज सेवा के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर समाज के संरक्षक विमल चोपड़ा, तेरापंथ समाज के सुरेंद्र मालू, गुजराती समाज के अध्यक्ष केतन सुतारिया सहित रायपुर से पधारे प्रशांत गोलछा, ऋृशभ पारख, निखिल कुमार जैन, समकित जैन, सौरभ जैन, युवराज सुराना उपस्थित थे।

# 24 से शुभ कार्यों पर लगेगी रोक, होलाष्टक 3 मार्च तक रहेगा

**होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक रहेगा, फाल्गुन शुक्ल सप्तमी युक्त अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलने वाली इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, वाहन व मकान की खरीद-बिक्री, नया व्यवसाय या निर्माण कार्य जैसे सभी मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। होलाष्टक में शुभकार्य टालना ही श्रेयस्कर है, इसका धार्मिक, आध्यत्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी है।**


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इन दिनों ग्रह भी उग्र रूप में रहते हैं पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि अष्टमी से पूर्णिमा तक नवग्रह उग्र रूप में रहते हैं। इसमें अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को कोर गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहु।

यह समय तंत्र, मंत्र और यंत्र की सिद्धी का है, पंडित का कहना है कि यह समय भक्ति, जप, तप, व्रत व दान-पुण्य के लिए श्रेष्ठ है। भगवान शिव, विष्णुव हनुमान आराधना, महामृत्युंजय मंत्र जाप, भजन-कीर्तन व सेवा कार्य विशेष फलदायी माने जाते हैं। तांत्रिक दृष्टि से यह साधना व सिद्धि का काल है।

### होलाष्टक की यह परंपरा

पंडित ने बताया कि दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद को इन्हीं 8 दिन में कठोर यातनाएं दी थीं। अंत में बहन होलिका की गोद में बैठाकर अग्नि में जलाने का प्रयास किया गया, लेकिन इस कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका दहन हो गई। इसी कारण इन दिनों को परीक्षा, कष्ट और तप का समय मानते हुए शुभ कार्यों से बचने की परंपरा है।



### होलाष्टक की आग का विशेष महत्व

पंडित ने बताया कि होलाष्टक की परंपरा के पीछे धार्मिक के साथ वैज्ञानिक महत्व भी है। इनके अनुसार होलाष्टक का विज्ञान प्रकृति और मौसम के बदलाव से जुड़ा है। इन दिनों वातावरण में बैक्टीरिया वायरस अधिक सक्रिय होते हैं। सर्दी से गर्मी की ओर जाते इस मौसम में शरीर पर सूर्य की पराबैंगनी किरणें विपरीत प्रभाव डालती हैं। होलिका दहन पर जो अग्नि निकलती है, वो बैक्टीरिया और नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर देती है। गाय के गोबर से बने कंडे, पीपल, पलाश, नीम व अन्य पेड़ों की लकड़ियों के साथ कर्पूर से होलिका दहन होने पर निकलने वाला धुंआ सेहत के लिए अच्छा होता है। इसलिए होलाष्टक के दिनों में उचित खान-पान की सलाह दी जाती है।



# होली पर हर्बल गुलाल का रहेगा क्रेज, बना पसंदीदा

**लड़कियों को रंग बनाने प्रशिक्षण देने की है योजना**

**हिंदू धर्म में होली एक प्रमुख त्योहार होता है। इस त्यौहार को मनाने शहर में तैयारियां होने लगी है। कुछ महिलाएं हर्बल गुलाल बना रही हैं तो कुछ महिलाओं द्वारा लड़कियों को हर्बल रंग-गुलाल बनाने प्रशिक्षण देने की योजना है। वहीं होली आयटमों की दुकानें सजने लगी है।**

हिंदू कैलेंडर के अनुसार फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को होली का पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष यह पर्व 3 मार्च को पड़ रहा है। पर्व के निकट आते ही शहर में होली का माहौल बनने लगता है। बच्चे हर दिन होली के डांग में कंडे, लकड़ी वैगरह डाल रहे हैं तो महिलाएं हर्बल गुलाल बनाने की तैयारी में है। अल्का ऐवेन्यू की शेफाली घोष ने बताया कि पिछले साल डी. विनिता राव के साथ मिल कर शबरी माता कन्या महाविद्यालय की छात्राओं, देवरीखुर्द की महिलाओं सहित कई स्थानों में जाकर हर्बल रंग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था। इससे बहुत सी महिलाएं लाभांवित हुईं थीं। उन महिलाओं द्वारा इस साल भी हर्बल गुलाल बनाने की तैयारी है। इस होली किसी के बुलाने पर उन्हें भी हर्बल गुलाल बनाने प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि लोग त्वचा संबंधी परेशानी से बच सके और महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सके।



### युवतियां टीम के साथ तैयार करती है गुलाल

रंगों का त्योहार होली अब एकदम निकट है। यह वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक प्रमुख भारतीय उत्सव है। इसका अपना एक सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व है। यह प्रेम, एकता और रंगों के माध्यम से सभी नकारात्मकता, तनाव और भेदभाव को भूलाकर आपसी भाईचारे का संदेश देता है। साथ ही प्रकृति में नई ऊर्जा और खुशहाली का संचार करता है। पर्व की इसी महत्ता के चलते बंधवापारा की सुश्री मोना केंवट द्वारा अपनी टीम के साथ हर साल विभिन्न कलरों में हर्बल गुलाल तैयार किए जाते हैं। गुलाल बनाने के बाद उसे शहर के विशिष्ट लोगों के बीच वितरण भी किया जाता है। इस साल भी उनकी टीम हर्बल गुलाल तैयार करेगी। मोना ने बताया कि उनकी टीम द्वारा तैयार हर्बल गुलाल को शहर के लोगों का भारी रिस्पांस मिलता है। होली पर्व की खुशियां इन्हीं रंगों का उपयोग कर बांटती हैं।

### बच्चों का पसंदीदा एयर गन व टैंक पिचकारी

रंगों के त्योहार होली की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। एंथोनी शॉप तारबाहर नाका के संचालक ने कहा कि इस त्योहार की रौनक अलग ही होती है। रंग-बिरंगे चेहरे खुशी से इठलाते नजर आते हैं, लेकिन कई बार केमिकल वाले रंग गुलाल त्योहार के मजे को किरकिरा कर देते हैं। ऐसे रंगों की वजह से लोगों को एलर्जी का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन अब ऐसे रंगों के विकल्प के रूप में हर्बल गुलाल आ गया है। चुकंदर और गुलाल से हर्बल गुलाल भी बनाया जा रहा है। जिसे बाहर से मंगाया जाता है। विक्रेता रिचर्ड ने बताया कि इस साल आरबी का स्पेशल हर्बल रंग, तोता व मुर्गा ब्राण्ड का गुलाल, माहुर रंग, पिचकारी में एयर गन, पंप, टैंक, बंदूक वाली पिचकारी, कई सुगंधित कलरों में स्प्रे, वाटर बैलून, गुलाल वाला पंप, विविध डिजाइन में टोपी उपलब्ध है। इसमें गन व टैंक पिचकारी बच्चों का पसंदीदा है।



## शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ का हवन आरती के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया, शुक्रवार को श्रद्धा और आस्था के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सेमरा में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम का समापन भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। आयोजन के अंतिम दिन हवन, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोज और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रातः काल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कार्यक्रम शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया। भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर परिसर और कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी।



यह धार्मिक आयोजन 12 फरवरी से प्रारंभ हुआ था। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक रुद्राभिषेक किया जाता रहा, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढकर हिस्सा लेते थे। दोपहर 3 बजे से शिवमहापुराण कथा का वाचन प्रारंभ होता, जो हरि रस तक चलता रहा। कथा वाचक पंडित बुद्धेश्वर तिवारी (अमोरा वाले) ने भगवान शिव की महिमा, भक्ति और धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनकी मधुर वाणी और सारगर्भित व्याख्यान से श्रद्धालु भावविभोर होते रहे।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान संतोष साहू-कौशल्या साहू, राकेश साहू-गीता साहू, रूपेश साहू-मनीषा साहू, भगवती जान बाई-जगवती शांति, अशोक-भारती, प्रमोद-लीना एवं समस्त साहू परिवार रहे।

## रेलवे में हिंदी प्रतियोगिता 37 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के राजभाषा विभाग द्वारा शुक्रवार को क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जोनल सभा कक्ष में हिंदी वाक, हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता की गई जिसमें मुख्यालय सहित तीनों मंडलों तथा दोनों कारखानों में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शिवशंकर लकड़ा, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में हिंदी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन तथा हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में पहला विषय सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी भाषा का प्रयोग उपलब्धियां तथा भावी संभावनाएं तथा दूसरा विषय पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन की आवश्यकता रखा गया था। द्वितीय सत्र में आयोजित हिंदी वाक प्रतियोगिता के लिए पहला विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई रोजगार पर मंडराता संकट या अवसर तथा दूसरा विषय प्रशासनिक कार्यों में हिंदी प्रयोग की चुनौतियां रखा गया था, जिसमें बिलासपुर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ देवधर महंत एवं वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ अलका यतींद्र यादव ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। हिंदी वाक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रयोग, इसके कारण शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, समाज, रोजगार एवं अन्य क्षेत्रों में आने वाले परिवर्तन और भविष्य की चुनौतियों पर अपने विचार रखे ।




**जन्म शताब्दी पर भावभीनी श्रद्धांजलि, चतुर्वेदी के सपनों को साकार करने छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध**

# पद्मश्री श्यामलाल छत्तीसगढ़ी भाषा को नई प्रतिष्ठा दिलाने वाले पुरोधा

**स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी के जन्म शताब्दी समारोह में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल 2018 को उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जाना केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता और स्वाभिमान का सम्मान था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

इस अवसर पर उन्होंने पं. श्यामलाल चतुर्वेदी पर प्रकाशित स्मृति ग्रंथ का विमोचन किया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि पं श्यामलाल चतुर्वेदी जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे साहित्यकार, पत्रकार और छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रखर संवाहक रहे। उनका व्यक्तित्व अत्यंत सरल, आत्मीय और जिंदादिल था। एक साधारण गांव से अपनी साहित्य साधना प्रारंभ कर उन्होंने निरंतर परिश्रम और मातृ प्रेरणा से लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उचाईयां प्राप्त की। उन्होंने जीवन पर्यंत छत्तीसगढ़ की माटी, भाषा और लोकसंस्कारों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। वे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष रहे और छत्तीसगढ़ी भाषा के संवर्धन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। जीवन पर्यंत उन्होंने छत्तीसगढ़ की माटी, भाषा और संस्कारों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ सरकार उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।



छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मौलिक सृजन को 'गुरतुर गोठ' के रूप में स्थापित करना उनकी विशिष्ट पहचान रही है। उनकी भाषा लोककला और लोकजीवन की आत्मा से निर्मित थी। वरिष्ठ पत्रकार श्री जगदीश उपासने ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ की प्रतिमूर्ति थे तथा प्रदेश के विविध आयामों को समेटने वाले अमर पुरुष थे।

कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, श्री अटल श्रीवास्तव, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश उपासने, डॉ विश्वेश ठाकरे, वरिष्ठ पत्रकार पीयूष कांति मुखर्जी, पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी के पुत्र सूर्यकांत चतुर्वेदी सहित उनके परिजन, पंडित एवं छत्तीसगढ़ के मूर्धन्य साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

20- FEB--REGNOL-pg-6-COMMAN_Layout 1 2/21/2026 12:13 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### खैरवार बने बेलतरा भाजयुमो पूर्व मंडल के अध्यक्ष

लगरा। भाजपा बिलासपुर ग्रामीण जिला कोर ग्रुप की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण जिला की मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में ओमप्रकाश खैरावर को भाजपा युवा मोर्चा बेलतरा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।



### आज क्षेत्र में रहेंगे उपमुख्यमंत्री साव

लोरमी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अरूण साव 21 फरवरी को 11 बजे नगर के साहू भवन में आयोजित जिला स्तरीय कर्मचारी सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सामिल होंगे। इसके बाद वे वे सुदूर वनाचंल ग्राम बिजराकछार में दोपहर 12.30 बजे जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### भाजयुमो बेलतरा पश्चिम मंडल के अध्यक्ष बने शिवराज



लगरा। भाजपा बिलासपुर ग्रामीण जिला कोर ग्रुप की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण जिला की मंडल अध्यक्षों और महामंत्री की घोषणा की गई है। इसमें शिवराज साहू को बेलतरा पश्चिम मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व शिवराज भाजयुमों मध्य मंडल बेलतरा के मंडल महामंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। शिवराज ने अपनी नियुक्ति पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी और अपने मंडल अध्यक्ष रत्नाकर मोनू श्रीवास सहित जिले और मंडल के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भाजपा अजा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष बने संतोष



मोपका। मस्तूरी के कर्मठ युवा कार्यकर्ता राक निवासी संतोष पनौरे को अजा मोर्चा का जिला कोषा अध्यक्ष बनाया गया है। इनकी नियुक्ति पर जिला भजपा कार्यकर्ताओं मे हर्ष व्याप्त है। अपनी नियुक्ति पर संतोष पनौरे ने कहा, वे पार्टी के रीती-नीति के अनुसार कार्य करेंगे और अपना जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। उन्होंने प्रदेश के भजपा नेतृत्व के प्रति आभार जताया हैं।

### नॉर्थ ईस्ट फुटबाल ग्राउंड से मैराथन कल




बिलासपुर। भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय तथा फिट इंडिया अभियान के संयुक्त तत्वावधान में श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा देश के 60 से अधिक शहरों में यूनिटी रन एवं राइड का आयोजन किया जा रहा है। बिलासपुर में 22 फरवरी को सुबह 6.30 बजे रेलवे के नॉर्थ ईस्ट फुटबाल ग्राउंड से मैराथन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का समापन प्रातः 8.30 बजे होगा। इस आयोजन में धरमलाल कौशिक, अटल श्रीवास्तव, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त नगर निगम, पूजा विधानी, चीफ मटेरियल मैनेजर नवीन सिंह, उपस्थित रहेंगे।

## दो बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर

# भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटा रोड स्थित जूना शहर के पास शुक्रवार शाम लगभग 5:30 बजे दो बाइक के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

ड्यूटी जा रहा रेलवेकर्मी हादसे का शिकार मिली जानकारी के अनुसार, कोटा में पदस्थ रेलवे के कर्मचारी भरविडीह निवासी मनहरण कमल पिता गणेश राम शुक्रवार को ड्यूटी जाने के लिए बाइक से निकले थे। इसी दौरान सामने से आ रही कर्मा बसहा निवासी शिव कुमार धनुहार की बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि, मौके पर दोनों बाइक सवार मनहरण व शिव कुमार की मौत हो गई। शिव कुमार धनुहार की बाइक पर एक अन्य व्यक्ति कृष्ण कुमार धनुहार भी सवार थे, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घायल को तत्काल रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया।



### मामला दर्ज, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना करने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि, दूसरी बाइक सवार शराब के नशे में थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना से दोनों गांवों में शोक की लहर है। पुलिस आगे की कार्रवाई की में जुट गई है।

### अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर, चालक की हालत गंभीर



मल्हार। बुधवार की रात एक भीषण सड़क हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आमने-सामने भिड़ंत इतनी भयंकर थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि, चालक की जान बच गई। चालक को गम्भीर अवस्था मे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मल्हार निवासी पंचायत विभाग से रिटायर्ड करारोपण अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी अपनी कार क्र. सीजी 10 एएस 1640 से मस्तूरी से वापस मल्हार लौट रहे थे। रात 10:30 बजे के आसपास वेद परसदा और टिकारी के बीच मल्हार की ओर से आ रहे अज्ञात भारी वाहन ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़। इस दौरान चालक लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी का पैर गाड़ी में ही फंस गया, और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय मौके पर मौजूद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल मस्तूरी पुलिस को दी एवं पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पिटल भेजा, जहां गंभीर हालत में उपचार शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि, इस दुर्घटना में उनके पैर ही हड्डी कई जगह से टूट गई है, जिसके कारण उन्हें शुक्रवार को रायपुर रेफर किया गया।

### शादी में आए व्यक्ति की पानी के गड्ढे में मिली लाश, जांच जारी



मल्हार। पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गोडाडीह में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के पास स्थित पानी से भरे खदाननुमा गड्ढे में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। सुबह ग्रामीणों की नजर गड्ढे में पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना पचपेड़ी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान प्यारे लाल यादव 50 वर्ष पिता बिहारी लाल यादव निवासी ग्राम हंसवा बलौदा जिला बलौदा बाजार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक ग्राम गोडाडीह में गंगादीन यादव के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही हो सकेगा।

## अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



रतनपुर। जिले के ग्राम चपोरा में एनएच-45 सड़क निर्माण के दौरान अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को सांकेतिक चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतरे, और नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

- एनएच निर्माण से दो हिस्सों में बंटा, सौंपा गया ज्ञापन

ग्रामीणों का कहना है, रतनपुर-केंदा-केंवची एनएच-45 मार्ग के निर्माण के कारण गांव दो हिस्सों में बंट गया है। मुख्य बस्ती से स्कूल, बैंक, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने के लिए लोगों को रोजाना व्यस्त हाइवे पार करना पड़ेगा। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि, आसपास के करीब 15 से 20 गांवों के लोग भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, जिससे सड़क पर लगातार भीड़ रहती है और हादसे की आशंका बनी रहती है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि कई बार प्रशासन को अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी कारण मजबूर होकर उन्हें सांकेतिक चक्काजाम और धरना प्रदर्शन करना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि, यदि जल्द ही अंडरपास निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि, अंडरपास बनने से आवागमन सुरक्षित होगा और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। प्रशासन की ओर से तहसीलदार शिल्पा भगत और एसडीओपी कोटा नूपुर उपाध्यक्ष ने मौके पर ग्रामीणों से चर्चा की और उनका ज्ञापन प्राप्त कर मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल ग्रामीण प्रशासन के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं।

## कृष्ण-सुदामा की मित्रता समाज के लिए उदाहरणः आराध्या



मस्तूरी। ग्राम रिस्दा में आयोजित 21 कुंडीय श्री शिव-शक्ति महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के अंतिम दिन वृंदावन की कथा वाचिका आराध्या देवी ने कृष्ण-सुदामा चरित्र कथा का रोचक प्रसंग सुनाकर श्रोताओं क भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान फूलों की होली भी खेली गई, जिसका आनंद सभी ने उठाया। कथा विश्राम व यज्ञ समापन के अवसर पर सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण, यज्ञ पूर्णाहुति के साथ कन्या व ब्राम्हण भोज के साथ यह धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। यज्ञ के आचार्यो ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आवाहित देवी-देवताओं की आराधना कर इस जनकल्याण के लिए आयोजित यज्ञ की सफलता के साथ सभी के लिए मंगलकामना की। यह कथा एवं यज्ञ जूना अखाड़ा के महराज स्वामी सत्यानंद गिरी महाराज जी के सानिध्य में ग्रामवासी एवं आस-पास के सहयोग से शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। कथा का वर्णन करते हुए आराध्या देवी ने कहा, सुदामा चरित्र भगवान कृष्ण और उनके निर्धन बालसखा सुदामा की निस्वार्थ मित्रता की एक अमर कथा है, जो भागवत पुराण के अनुसार, प्रेम और भक्ति की पराकाष्ठा है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में खमतराई ने मारी बाजी



सीपत। ग्राम परसाही में आयोजित रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह और जोश के बीच हुआ। फाइनल मुकाबला खमतराई और सोनादुल्ला के बीच खेला गया, जिसमें खमतराई की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 रनों से विजय हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के सुपुत्र अरविंद लहरिया शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस सीपत अंतर्गत खांडा मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल एवं ओम गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे। अरविंद लहरिया ने कहा कि, ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और नेतृत्व का पाठ पढ़ाता है। खांडा मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल ने कहा कि, इस तरह की प्रतियोगिताएं गांवों में आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत करती हैं। आज जिस अनुशासन और खेल भावना का परिचय खिलाड़ियों ने दिया है, वह सराहनीय है। इस सफल आयोजन में महेंद्र विश्वकर्मा, सुशांत दास, बालेश्वर पाटनवार, भाऊ सिंह, रुततम सिंह, विपिन गोस्वामी, चंद्रकुमार यादव, राजेश्वर यादव, अमरदास, देवेंद्र कौशिक, रेशम सिंह, सूर्यांश, अर्जुनदास, पवन दास सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सरपंच का सम्मान




मस्तूरी। श्रीवास समाज ने मंगलवार को ग्राम पंचायत मस्तूरी सरपंच के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरपंच सुनीता विनोद सारथी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाज के लोगो ने सामुदायिक भवन व अहाता निर्माण की मांग की, जिन्हें सरपंच ने पूरा कराने की बात कही। सरपंच ने कहा कि, आप लोगों ने मुझे जिस विश्वास के साथ सरपंच चुना, उसी के अनुरूप मैं शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पंचायत में विकास कार्य करवा रही हूं। कार्यक्रम को छेदीलाल श्रीवास एवं किशोरी श्रीवास ने भी संबोधित किया। कौशल्या देवी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मणिशंकर श्रीवास ने किया। इस अवसर पर विजय श्रीवास, कांशीराम श्रीवास, पवन श्रीवास, लखन श्रीवास,गोकर्ण श्रीवास, मुकेश श्रीवास, विनोद श्रीवास, नारायण श्रीवास, अभिषेक श्रीवास, अखिल श्रीवास, सीमा श्रीवास, सुमनलता श्रीवास, रामेश्वरी श्रीवास, ज्योति श्रीवास मौजूद थे।

## पूछताछ के लिए थाने पहुंची मां, बेटे ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

फर्जी दस्तावेज तैयार कर मुआवजा राशि हड़पने की आरोपी महिला को जब पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने लाया तब बेटे ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया। थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय ने बताया कि, तखतपुर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि, चनाडोंगरी निवासी उर्वशी श्रीवास पति स्व पुरूषोत्तम श्रीवास ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर पति की मौत का कारण जहरीले सांप को बताकर शासन से 4 लाख रूपए की मुआवजा राशि प्राप्त की थी।

तहसीलदार की रिपोर्ट पर आरोपिता उर्वशी श्रीवास के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस आरोपिता को पूछताछ के लिए थाने लाई। इस दौरान उसका 21 वर्षीय बेटा कमलेश श्रीवास भी उसके साथ थाने आया था। मां के साथ पुलिस के द्वारा की जा रही पूछताछ को देखकर कमलेश भयभीत हो गया, और उसने घर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां को नहीं दी जानकारी- मां को थाने में बैठा देख बेटा कमलेश वहां से निकला और घर जाकर फांसी लगा ली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक, मां की गिरफ्तारी को लेकर बेटा परेशान था, क्योंकि पहले ही पिता को खो चुका था। मां को गिरफ्तार होते देख वह काफी अकेलापन महसूस कर रहा था और भयभीत था। वह थाने से घर पहुंचा और 20 फरवरी को शाम लगभग 4:30 बजे फांसी लगा ली। बेटे की मौत की खबर की जानकारी मां को थाने में देने की कोई हिम्मत नहीं कर रहा था। देर रात तक महिला थाने में ही बैठी हुई थी।



- मध्यस्थ ने पैसे लेकर दिया फर्जीवाड़े को अंजाम
- मां को थाने में देखकर परेशान बेटे ने लगाई फांसी, मौत

### मध्यस्थ ने कराया काम

महिला उर्वशी श्रीवास ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि, उसके भाई की दुकान पर एक व्यक्ति आया और बताया कि वह मृत्यु पर पैसा दिला देगा, जिसके लिए उसने एक मोटी रकम मांगी थी। इसके बाद उसने जहां-जहां दस्तखत करने को कहा, मैं करती गई। शासन से राशि मिलती है या नही इसकी हमको जानकारी भी नहीं है।

### पुलिस ने लिया कथन

आज दोपहर महिला को फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि निकालने के विषय में पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था, जिससे महिला पुलिस ने कथन लिया है।

**- विवेक पांडेय**
थाना प्रभारी तखतपुर

## कर्मा जयंती व साहू समाज का सामूहिक विवाह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम बैजना में तहसील साहू संघ के तत्वाधान में भक्त माता कर्मा जयंती एवं शपथ ग्रहण सामूहिक आदर्श विवाह व भूमिपूजन का कार्यक्रम 21 फरवरी को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, पुन्नू लाल मोहले, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व सासंद लखन लाल साहू, थानेश्वर साहू रहेंगे। वहीं श्री श्याम हास्पिटल बिलासपुर के द्वारा निसंतान दंपत्तियों व मरीजों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में रामकुमार साहू, संतोषी साहू, संतोष साहू, रेमन साहू, पिल्लूराम साहू, पवित साहू, खिलेश्वर साहू, डॉ धुनीराम साहू, केजूराम साहू, हेमंत सालिक साहू, सुरेश साहू, रामेश्वर साहू, बुधराम साहू, मिलाप साहू, चंद्रकुमार साहू, समे लाल साहू, राम खेलवान साहू सहित अन्य जुटे हुए है।

## कोर्ट की अवमानना, 5 हजार के मुचलके पर छूटे सीएमओ

तखतपुर। हाईकोर्ट की पेशी में उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट की अवमानना मानते हुए तखतपुर सीएमओ को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां 5 हजार रूपए की मुचलका जमानत में राहत दी गई और हाईकोर्ट में उपस्थिति होने के लिए कहा। नगरपालिका तखतपुर में राहुल कंट्रक्शन द्वारा निर्माण कराया गया था, जिसके भुगतान से जुड़ा मामला हाईकोर्ट में है। न्यायालय की ओर से नगरपालिका तखतपुर को इस मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी की गई थी, लेकिन सीएमओ अमरेश सिंह न्यायालय पेश नहीं हुए थे। इस पर हाईकोर्ट ने न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर अवमानना मानते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इस पर तखतपुर पुलिस ने शुक्रवार को सीएमओ अमरेश सिंह गिरफ्तार कर तखतपुर न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने उन्हें 5 हजार के जमानत मुचलके पर रिहा किया।

## लोकतंत्र में पत्रकारों भूमिका अहमः कलेक्टर



सीपत। सीपत प्रेस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह शुक्रवार को प्रेस क्लब भवन में संपन्न हुआ।

- प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को कलेक्टर ने दिलाई शपथ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, अतिविशिष्ट अतिथि एनटीपीसी परियोजना प्रमुख स्वप्न कुमार मंडल, जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल, ट्रेनी आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार टी तथा विशिष्ट अतिथि सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार एवं बड़ी नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि, पत्रकार समाज की सोच और मानसिकता को दिशा देने का कार्य करते हैं। लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता आंदोलन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि, उस समय प्रेस ने जागरूकता फैलाकर देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। कार्यक्रम का संचालन रियाज अशरफी ने किया। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलेंद्र कौशिल, प्रणव शर्मा, अजा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अरविंद लहरिया, केश शिल्प बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, ईश्वर पाटनवार, दुर्गा तिवारी, संतोष भोई, विजय गुप्ता, हरिकेश गुप्ता, ललित यादव, भाजयुमो अध्यक्ष वैभव तंबोली, जयशंकर साहू, सुनील निर्मलकर, मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा, तहसीलदार सोनू अग्रवाल, थाना प्रभारी राजेश मिश्रा, पटवारी अरनेश टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे।

### शहीदों के परिजन का सम्मान

कार्यक्रम सीपत क्षेत्र के चार वीर शहीदों के परिजनों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शहीद विनोद सिंह कौशिक की माता बृहस्पति देवी कौशिक सम्मान प्राप्त करते समय भावुक हो उठीं, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और सम्मान से भर गया। उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर शहीदों को नमन किया।

### कलेक्टर के सामने रखी गई मांगें

पूर्व सीपत प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि, शहीद परिवार देश की आन, बान और शान हैं। उनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कलेक्टर से नवाडीह चौक में यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय निर्माण, सीपत महाविद्यालय से प्रेस क्लब के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा प्रेस क्लब भवन के सामने व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण की मांग रखी।

### जपं की सामान्य सभा 25 को

तखतपुर। जनपद पंचायत की सामान्य सभा 25 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी सीईओं सत्यव्रत तिवारी ने दी है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /Q/ तह./वा./20.. बिलासपुर, दिनांक 12/02/2026
रा.प्र.क्र.../ब-121/2025-26
ग्राम तोरवा
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तोरवा प.ह.न....रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका गोपी कश्यप पिता/ पति दिलहरण कश्यप निवासी ग्राम तोरवा के द्वारा जन्म संजना कश्यप की जन्म दिनांक 24/12/2007 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17/03/26 को 11.00 बजे दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
प्रथम पक्षकार :- श्री व्ही. सांई कुमार उम्र 54 वर्ष पिता स्व. श्री आर. वेंकटेश सुलु निवासी शिवम् आर्चिड, बी/406, चौथा मंजिल, रायल टाउन कॉलोनी के सामने, मोपका, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
द्वितीय पक्षकार :- श्रीमति गुरिया कुमारी उम्र 27 वर्ष पति श्री शंकर कुमार (पिता कौशलेन्द्र पंडित) निवासी - पोस्ट - मुर्गियाचक, नालंदा, बिहार
आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मौजा देवरीखुर्द, प.ह.नं. 24/31, रा.नि.मं. तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 152/38 भूखंड क्रमांक 0.0140, रकबा 1425 वर्गफिट भूमि का क्रय करने का पक्का सौदा प्रथम पक्षकार से किया हूँ। इस भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, आम जनता या संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिवस से 10 दिन के अंदर नीचे दिए पते पर सबूत सहित आपत्ति दर्ज करा सकते है इसके बाद की जाने वाली कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
**भवदीय**
**शंकर कुमार**
**पता - हेमूनगर, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.9752444224 9752441991**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक / / तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 16/02/2026
ग्राम जूना बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 772 रकबा 124.163 वर्गफीट/एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में 109 फ्लैट दक्षिण में खुला आसमान पूर्व में खुला आसमान पश्चिम 106 फ्लैट है, आवेदन अनुसार आवेदक को दिनांक 26/03/2006 को रजिस्ट्री से प्राप्त होने से आवेदन अनुसार आवेदक श्री प्रभात कुमार अग्रवाल पिता ताराचन्द अग्रवाल निवासी जूना बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 09/03/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनाँक 19/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र......../अ-27/2025-26
ग्राम समलपुरी तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि दिनेश कुमार श्रीवास पिता स्व.गणेश प्रसाद निवासी पांड तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम समलपुरी प.ह.नं.40 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 795, 796/1, रकबा 0.1460, 0.4220 हे.भूमि का बंटवारा हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन भुईयां पोर्टल में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण विवादित प्रकृति का होने के कारण प्रकरण का निराकरण किये जाने हेतु राजस्व न्यायालय में लिया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25/02/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 16/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र. 112/अ-6अ/2025-26
ग्राम सकरी, मन 3 तहसील-सकरी,
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी मन 3 प.ह.नं. 45 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आराधना अग्रवाल उम्र 40 वर्ष पति सुषार तनवानी जाति अग्रवाल, निवासी ए-42 नेचर सिटी मुंगेली रोड बिलसापुर तहसील सकरी के द्वारा लेख किया है कि मौजा सकरी मन 3 प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. व तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 211/3 में से रकबा 0.016 हे. को विक्रेता रामा रियल स्टेट प्रा.लि.मि. बिलासपुर डायरेक्टर संजय अग्रवाल आ. स्व. रामचन्द्र अग्रवाल, निवासी क्रांति नगर श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर से दिनांक 24.02.2014 को पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 3731 के द्वारा क्रय पश्चात अपने नाम पर नामांतरण कराकर खसरा क्रमांक 211/16, रकबा 0.016 हे. में काबिज है। वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में उक्त वाद भूमि भूमिस्वामी में आराधना एवं रकबा 0.4050 हे. दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं.1959 के तहत दुरुस्त किये जाने हेतु माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 27/2/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 13/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**सकरी**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


जीवेत शरदः शतम्
आपका नेतृत्व छ.ग. के विकास को नई दिशा दे,
प्रदेश प्रगति की राह पर आगे बढ़े और हर नागरिक सुख-समृद्धि से संपन्न हो।
ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और अपार सफलता प्रदान करें।
जनसेवा को समर्पित छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र
यशस्वी मुख्यमंत्री
मा. विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मोदी की गारंटी,
विष्णु का सुशासन
छत्तीसगढ़ का विकास
दीपक सोनी

**खबर संक्षेप**

## युवक की हत्या मामले में खंगाला जा रहा फुटेज

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में युवक की हत्या के मामले में अन्य आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। परिजन एक अन्य युवक पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं। 30 जनवरी को जूना बिलासपर निवासी शानू खान उर्फ अमन पिता इकबाल खान 26 साल की पुरानी रंजिश को लेकर बिलासा चौक निवासी विकास तिवारी, चांटीडीह निवासी शैलेन्द्र प्रजापति ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या के मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, परिजन एक अन्य युवक पर हत्याकांड में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं, उसके आधार पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक शानू खान पर पूर्व में हत्या का आरोप नहीं नहीं लगाया गया था। मृतक परिजन के अनुसार उक्त हत्याकांड में शामिल एक अन्य आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए।

## चाकू लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक युवक चाकू रखकर अशांति फैला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर नगपुरा निवासी मंगल यादव पिता संतु यादव 35 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्त के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** पैसा के लेनदेन के विवाद में मारपीट की एफआईआर दर्ज होने के दो दिन बाद मामले के आरोपी युवक रतनपुर क्षेत्र में पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया कि 18 फरवरी को नवागांव में पेड़ में फांसी पर लटकी एक युवक की लाश मिली थी। पहचान नहीं होने पर शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया था। 19 फरवरी की शाम उसकी पहचान जूना बिलासपुर निवासी मनीष देवांगन पिता राजेश देवांगन 32 साल के रूप में हुई। बताया जाता है मृतक ने गांधी चौक में कोचिंग सेंटर चलाने वाले नामदेव से पैसा उधार में लिया था। 16 फरवरी को उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा तो मृतक मनीष देवांगन ने उनके साथ मारपीट कर दी थी। पुलिस ने उक्त मामले में मनीष देवांगन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी। उसके बाद 17 फरवरी को उसकी पत्नी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट लिखाई उनका पति मनीष देवांगन बिना बताए कहीं चला गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम किया था।

## घर से भागी नाबालिग को पुलिस ने खोजा

**बिलासपुर।** पारिवारिक कारणों से नाबालिग घर छोड़कर भाग गई। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन में पतासाजी कर नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक 16 साल की नाबालिग लड़की पारिवारिक विवाद के चलते अपने बड़ी बहन के ससुराल रहने चली गई थी। शुक्रवार की सुबह वह अपने दीदी, जीजा को बिना बताए उनके घर से चली गई। उनकी बहन ने कोनी थाना आकर छोटी बहन के रहस्यमय लापता होने की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बाहर भागने की आशंका पर घुटकू रेलवे स्टेशन में पतासाजी की गई।

### सिलेबस में पढ़ाए गए टॉपिक्स से ही सभी सवाल आए थे | कुल 131 केन्द्रों में परीक्षा हुई, 10 हजार 370 स्टूडेंट उपस्थित, 358 अनुपस्थित

# 10 साल बाद बदले गए ब्लू प्रिंट से ली गई परीक्षा, आसान सवालों से चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जा रही कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हुईं। परीक्षा के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने फिजिक्स और भूगोल विषय का पेपर दिया। परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों में उत्साह देखने को मिला। 10 साल बाद परीक्षा नए ब्लू प्रिंट के हिसाब से ली गई। बिलासपुर में कुल 131 केन्द्रों में परीक्षा हुई जिसमें 10 हजार 728 परीक्षार्थियों में से 10 हजार 370 स्टूडेंट उपस्थित तो 358 अनुपस्थित थे। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक ली गई

फिजिक्स विषय को लेकर छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र सिलेबस के अनुसार था और अधिकांश सवाल आसान रहे। कुछ प्रश्न थोड़े कठिन जरूर थे लेकिन छात्रों का कहना है कि 70 अंकों में से लगभग 50 अंक आसानी से आ जाएंगे। वहीं भूगोल के पेपर को लेकर छात्राओं ने कहा कि 70 में 70 अंक आने की पूरी उम्मीद है। पेपर हल करने में उन्हें काफी मजा आया।



### बहुविकल्पीय अति लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या बढ़ी

ध्यान रहे कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद 10वीं और 12वीं के लिए नया ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है, जिसके आधार पर प्रश्नपत्र बनाए गए हैं। प्रश्नपत्र सीबीएसई पैटर्न पर तैयार बहुविकल्पीय (एमसीक्यू) और अति लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या बढ़ी है, जिससे छात्रों की अवधारणात्मक समझ का आकलन किया जा सके। इसके साथ ही मंडल ने नकल रोकने के लिए विशेष रणनीति बनाई है। सभी जिलों के कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। जिला और विकासखंड स्तर पर उड़नदस्तों का गठन किया है। जिससे कि परीक्षा केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जा सके। अधिकारियों के मुताबिक गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे।

### प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस नहीं

छात्र अभिषेक ने कहा कि फिजिक्स का पेपर बहुत अच्छा गया। सिलेबस में पढ़ाए गए टॉपिक्स से ही सभी सवाल आए थे और कोई भी प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस नहीं था। जिन प्रश्नों की उन्होंने पहले से तैयारी की थी, वही परीक्षा में पूछे गए। परीक्षा में एक केस बेस्ड प्रश्न भी आया था, जो प्री-बोर्ड वन और टू में पहले ही पूछा जा चुका था, केवल नाम में थोड़ा बदलाव था। यह चार से पांच नंबर का प्रश्न था, जिसे पहले से तैयार होने के कारण हल करना काफी आसान रहा। उन्होंने कहा कि घर पर रिवीजन और कोचिंग की मदद से उनकी तैयारी मजबूत हुई। छात्र आर्यन विश्वास ने कहा कि उनका फिजिक्स का पेपर काफी अच्छा गया। सभी प्रश्न पढ़े हुए सिलेबस से ही आए थे। कुछ सवाल थोड़े कठिन जरूर थे लेकिन अच्छी तैयारी के कारण वे सभी हल कर पाए. आर्यन के अनुसार, प्रश्नपत्र पूरी तरह ब्लूप्रिंट के अनुसार था और स्कूल और कोचिंग में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम से ही प्रश्न पूछे गए थे।

### भूगोल का पेपर था बेहद आसान

कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी तिवारी ने कहा कि उनका भूगोल का पेपर था और सभी प्रश्न बिल्कुल वैसे ही आए, जैसा उन्होंने पढ़ा था। उन्होंने सभी प्रश्न अटेम्प्ट किए हैं और 70 में 70 अंक आने की पूरी उम्मीद जताई। रोशनी के अनुसार, प्रश्नपत्र में ऑब्जेक्टिव के साथ एक, दो, तीन और पांच नंबर के प्रश्न शामिल थे। रोपण कृषि से जुड़े प्रश्न भी सिलेबस के अंदर से ही थे। कुछ एक नंबर के प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस थे लेकिन वे भी काफी आसान थे।

### जिले में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू केंद्रों का किया गया निरीक्षण

जिले में 20 फरवरी से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के बारहवीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में परीक्षा संचालित की जा रही है। परीक्षा संचालन की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक अनिल तिवारी एवं सहायक संचालक सतीश कुमार पाटिल ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हायर सेकेण्डरी परीक्षा केंद्र सेजेस रतनपुर, शासकीय उमावि लखराम, शहीद नूतन सोनी शासकीय उमावि रतनपुर, शासकीय उमावि भरारी, सेजेस सेन्दरी एवं शासकीय उमावि सेमरताल का अवलोकन किया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से होना पाया गया। संयुक्त संचालक श्री तिवारी ने पर्यवेक्षण पंजी संधारण, प्रश्न पत्र लेखा तथा उत्तर पुस्तिका लेखा का संधारण व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यवेक्षकों की ड्यूटी निर्धारण में सतर्कता से कार्य करने कहा।

### निगम 30 साल की लीज देगा, 2 प्रतिशत सालाना फीस भी देना होगा

# 29 करोड़ में बनी कोतवाली परिसर की 18 दुकानें साल भर से खाली, 6 बार हुआ टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

28.74 करोड़ में बनाई गई सिटी कोतवाली में निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग सह व्यवसायिक परिसर में की 18 दुकानें अभी तक खाली हैं। यहां कुल 46 दुकानें बनाईं गईं थीं जिसमें से 28 का आबंटन तो बड़ी मुश्किल से हो गया है लेकिन बाकी के लिए अब तक निगम 6 बार टेंडर कर चुका है, लेने वाला लेकिन कोई नहीं है। अब कहा जा रहा है कि होली से पहले सातवीं बार टेंडर किया जाएगा और दुकानों का आबंटन हो जाएगा। हालांकि यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि जो दुकानें खाली हैं वह पीछे और बीच की हैं। निगम ने इन दुकानों का प्रारंभिक किराया 35 लाख रुपए रखा है। नीलामी के दौरान इसकी कीमत 50 लाख तक पहुंच सकती है। इसके लिए निगम 30 साल की लीज देगा और 2 प्रतिशत सालाना फीस भी अलग से लेगा।

■ इन दुकानों का प्रारंभिक किराया 35 लाख रुपए

गौरतलब है कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सिटी कोतवाली परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया गया है। 3.5 एकड़ क्षेत्र में निर्मित उक्त परिसर में पार्किंग के अलावा ग्राउंड फ्लोर में कमर्शियल कांप्लेक्स भी है जिसमें 46 दुकानें बनाई गई है। उक्त दुकानों के आबंटन के लिए बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा निविदा प्रक्रिया की गई है। पहले दो बार की निविदा में कुल 28 दुकानों आबंटन हो गया है जिससे निगम को 15 करोड़ रुपए के करीब आय हुई है। बाकी लेकिन 18 दुकानें करीब साल भर से खाली पड़ी हैं जिसके लिए निगम की ओर से 6 बार टेंडर किया जा चुका है। हर बार के टेंडर में एक भी दुकान नहीं बिकी क्योंकि लेने वाला कोई पहुंचा ही नहीं। निगम अधिकारियों का कहना है कि सामने की दुकानें तो बिक गईं हैं लेकिन पीछे और बीच की दुकानों के आबंटन में परेशानी आ रही है।



### 2 प्रतिशत सालाना फीस भी देनी होगी

अब निगम सातवीं बार टेंडर जारी करने जा रहा है। इसमें दुकानों के लिए बेस प्राइज 35 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। बेस प्राइज के ऊपर उच्च दर प्रस्तावित करने वालों को दुकान का आबंटन किया जाएगा। इसके साथ ही नीलामी के दौरान इसकी कीमत 50 लाख तक पहुंच सकती है। इसके लिए निगम 30 साल की लीज देगा और 2 प्रतिशत सालाना फीस भी अलग से लेगा। आवेदन फार्म ऑनलाइन **www.bilaspurnagarnigam.com** पर लिया जा सकता है। जमा स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से करना है। निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट और फार्म में उपलब्ध रहेंगी।

### पुलिस विभाग ने दी है पूरी परिसर की जमीन

गौरतलब है कि इस मल्टीलेबल पार्किंग में लगभग 192 कार और 325 बाइक खड़ी की जा सकती हैं, साथ ही बेसमेंट में भी पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। ग्राउंड फ्लोर को कमर्शियल कांप्लेक्स के तौर पर विकसित किया गया है। इसके अलावा बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से कहा गया है कि पुलिस विभाग से कोतवाली परिसर की जमीन इस शर्त पर दी गई कि पार्किंग सह व्यवसायिक परिसर के निर्माण के साथ पुलिस क्वार्टर का निर्माण कराया जाए। इसी वजह से ग्राउंड फ्लोर पर 46 दुकानों का निर्माण कराया गया है। इसकी आय से पुलिस क्वार्टर और थाने का नवीनीकरण किया गया है। यहां 8 मकान बनाए गए हैं जिसमें से प्रत्येक की लागत करीब 12 लाख रुपए है।

### दुकानों का होगा आवंटन

जो दुकान खाली हैं उनके लिए नए सिरे से टेंडर होगा। इसमें दुकानों के लिए बेस प्राइज 35 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। बेस प्राइज के ऊपर उच्च दर प्रस्तावित करने वालों को दुकान का आबंटन किया जाएगा। इसके साथ ही नीलामी के दौरान इसकी कीमत 50 लाख तक पहुंच सकती है। इसके लिए निगम 30 साल की लीज देगा और 2 प्रतिशत सालाना फीस भी अलग से लेगा।

– **राजकुमार मिश्रा,** जीएम, स्मार्ट सिटी

## 'फॉर्च्यून एलिमेंट्स' परियोजना के प्रमोटर पर 10 लाख का दंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजीरेरा) ने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में सख्त कदम उठाते हुए बिलासपुर के बोदरी स्थित 'फॉर्च्यून एलिमेंट्स' परियोजना के प्रवर्तक पवन अग्रवाल पर 10 लाख रुपए (दस लाख रुपये) का आर्थिक दंड लगाया है।

■ भ्रामक विज्ञापन पर सीजीरेरा की कड़ी कार्रवाई

दरअसल उक्त परियोजना का पंजीयन एक प्लॉटेड परियोजना के रूप में किया गया है किंतु प्राधिकरण द्वारा विभिन्न माध्यमों में प्रकाशित विज्ञापनों की जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रमोटर द्वारा परियोजना का प्रचार हाउसिंग परियोजना के रूप में किया जा रहा था, जो कि पंजीकृत विवरण के विपरीत एवं भ्रामक है। अधिकारियों के मुताबिक रेरा अधिनियम की धारा 7 के अनुसार यदि कोई प्रवर्तक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा परियोजना से संबंधित गलत या भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करता है, तो प्राधिकरण परियोजना के पंजीयन के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है, जिसमें पंजीयन निरस्तीकरण सहित अन्य दंडात्मक कदम शामिल हैं।

### स्वीकृत योजना, ले-आउट के आधार पर हो काम

इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 14 के तहत प्रवर्तक के लिए यह अनिवार्य है कि वह परियोजना का विकास एवं प्रचार स्वीकृत योजना, ले-आउट, विनिर्देश तथा पंजीयन के समय दी गई जानकारी के अनुरूप ही करे। इन प्रावधानों के विपरीत किसी भी प्रकार का भ्रामक प्रचार या परिवर्तन उल्लंघन की श्रेणी में आता है। प्राधिकरण ने उक्त उल्लंघन को गंभीर मानते हुए प्रवर्तक पर 10 लाख रुपए का दंड अधिरोपित किया है तथा निर्देश दिया है कि संबंधित हाउसिंग क्षेत्र परियोजना का विधिवत पंजीयन कराया जाए। सीजीरेरा ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण प्रिंट, डिजिटल एवं अन्य विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित रियल एस्टेट परियोजनाओं के विज्ञापनों की सतत निगरानी कर रहा है। किसी भी प्रकार के भ्रामक अथवा पंजीकृत विवरण के विपरीत विज्ञापन पाए जाने पर संबंधित प्रवर्तकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जोनल कार्याक्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता संपन्न

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के राजभाषा विभाग का क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जोनल सभाकक्ष में हिंदी वाव, हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मुख्यालय सहित तीनों मंडलों तथा दोनों कारखानों में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शिवशंकर लकड़ा, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक-1 मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन पीएल जाटवर राजभाषा अधिकारी मुख्यालय ने किया।

## नौकरी लगाने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट में बाबू की नौकरी लगाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 25 लाख रुपए ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 75 हजार रुपए नकद, मोबाइल जब्त किया गया है।



आरोपी।

हिर्री थाना के एएसआई दिवाकर सिंह ने बताया कि जांजगीर मुलमुला छेडोलिया निवासी राजा भैया लहरे पिता स्व. पुनीत राम लहरे ने पामगढ़ उरईहा चण्डीपारा निवासी अंबिका प्रसाद भारद्वाज पिता स्व. एलआर भारद्वाज 50 साल के बेटे राहुल भारद्वाज व भतीजे हरीश की कोर्ट में बाबू की नौकरी लगाने का आश्वासन दिया। उसकी बातों में आकर श्री भारद्वाज ने वर्ष 2023 में हिर्री क्षेत्र के पेण्ड्रीडीह चौक पर 17 लाख 65 हजार रुपए आनलाइन व 7 लाख 35 हजार रुपए नकद दिया। पैसा मिलने के बाद राजा भैया लहरे गांव छोड़कर भाग गया। बेटा व भतीजे का नौकरी नहीं लगने पर वह पैसा वापस मांगने राजा भैया लहरे घर से फरार हो गया था। श्री भारद्वाज घटना की लिखित शिकायत पुलिस प्रशासन से की। सुनवाई नहीं होने पर उन्होने कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश 12 जनवरी 2026 को हिर्री थाने में श्री भारद्वाज की रिपोर्ट पर आरोपी राजा भैया लहरे के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुलमुला उसके घर में दबिश देकर आरोपी राजा भैया लहरे को पकड़ लिया। उसके पास से 75 हजार रुपए नकद, एक मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### तीन साल में मुलमुला पुलिस नहीं खोज पाई

आरोपी राजा भैया लहरे के गांव से भाग जाने पर वर्ष 2023 में उनके परिजन के द्वारा मुलमुला थाना में गुम इंसान कायम कराया गया था। मजेदारबात यह है कि 3 साल में पुलिस गुम इंसान को नहीं खोज पाई। हिर्री पुलिस ने राजा भैया को पकड़ने के बाद उसे मुलमुला थाना लेकर गई। उसके बाद मुलमुला पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार किया है।

## एलेक्जेंडर पैराकिट बेचने वाले आरोपी की बाइक राजसात

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने भारत के हिमालय में पाए जाने वाले एलेक्जेंडर पैराकिट शेडयूल 2 के बेचने के फिराक में घूम रहे आरोपी को पकड़ा है। विभाग ने आरोपी की बुलेट को राजसात करने की तैयारी शुरु कर दी है। वहीं आरोपी के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर जेल भेजकर पूछताछ शुरु कर दी है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एलेक्जेंडर पैराकिट देश में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूचि एक के अंतर्गत आता है, जिसका अर्थ है कि इसे अनुसूची दो की तुलना में सर्वोच्च संरक्षण प्राप्त है। यह एक संकटग्रस्त प्रजाति है, जिसे पालतू बनाना, खरीदना बेचना या कैद में रखना पूरी तरह से प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है। यह देश का सबसे बड़ा पैराकिट है जो अपनी गर्दन पर लाल छल्ले और पंखों पर लाल धब्बों के लिए जाना जाता है, जो पहाड़ी क्षेत्रों, सघन वन व हिमालय के तराई क्षेत्रों में पाया जाता है। प्रतिबंध के बाद भी एलेक्जेंडर पैराकिट शेडयूल 2 को बेचने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई थी।





सूचना मिलते ही अपोलो के पास वन विभाग की टीम उड़नदस्ता प्रभारी शिवकुमार नाग, वन पाल मुकेश साहू, दिलीप ठाकुर, कलेशपाल सहित अन्य स्टाफ ने तत्काल दबिश दी और घेराबंदी कर एलेक्जेंडर पैराकिट शेडयूल 2 को बेचने वाले आरोपी लिंगियाडीह निवासी साहिल खरे पिता श्याम प्रसाद खरे को पकड़ा गया। आरोपी के पास से एलेक्जेंडर पैराकिट को जब्त करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर पूछताछ करने के साथ बुलेट क्रं. सीजी 11 एआर 3528 को राजसात करने का निर्णय लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## युवक पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

**बिलासपुर।** लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम के सामने भेल खाने दोस्तों के साथ गए युवक पर बदमाश युवकों ने मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया । घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

■ घायल युवक सिम्स में भर्ती

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार कोनी निवासी आदित्य श्रीवास 20 साल अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार की शाम 7.30 बजे मिशन हॉस्पिटल रोड भेल खाने गया था। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद सरकंडा मुक्तिधाम रोड निवासी युग मिश्रा, वेदांत गुप्ता, निखिल नवानी एवं अन्य युवक आदित्य के साथ गली गलौज कर विवाद करने लगे । विरोध करने पर युग मिश्रा एवं उसके साथियों ने जमकर बेस बल्ला हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से तीन बार हमला किया। हमलावर युवक मौका पाकर भाग खड़े हुए। दोस्तों ने घायल आदित्य श्रीवास को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जानकारी लेने के बाद हमलावरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने चाचा आनंद कि रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 109, 296, 3, 3, 5, 315, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। देर रात तक पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई थी ।

स्वामी जी 93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय खो-खो टीम के लिए चयनित हुए लेखराम

**बिल्हा।** अग्रसेन महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र लेखराम निषाद का चयन खो-खो की राज्य स्तरीय टीम के लिए हुआ है, जिससे पूरे महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया एवं प्राचार्य महोदया डॉ सावित्री त्रिपाठी ने लेखराम निषाद को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि, लेखराम की यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने कहा कि, लेखराम निषाद ने अपने प्रदर्शन से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, हमें विश्वास है कि, वे राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित करेंगे।महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने लेखराम की सफलता की कामना की।



सड़क दुर्घटना में दिवंगत आरक्षक परिजनों को आर्थिक सहायता

### पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दी गई 1 करोड़ की राशि



**मुंगेली।** पुलिस ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए आरक्षक राकेश डहरिया के परिजनों को राज्य शासन की पुलिस सैलरी पैकेज योजना अंतर्गत 1 करोड़ की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर प्रदाय किया गया। एसएसपी भोजराम पटेल ने दिवगंत आरक्षक राकेश डहरिया के परिवार को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत आर्थिक सहायता 1 करोड़ रूपए का चेक दिया। जिला मुंगेली के थाना पथरिया में पदस्थ आरक्षक राकेश डहरिया का 24 जून 2025 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने पर पुलिस विभाग की ओर से शोक व्यक्त किया गया है। सड़क हादसे मे आरक्षक राकेश डहरिया के आकस्मिक निधन पश्चात धर्मपत्नि नागेश्वरी डहरिया को सांत्वना देते हुए पुलिस सैलरी पैकेज के तहत भारतीय स्टेट बैंक शाखा से 1 करोड़ रूपये का चेक देकर आर्थिक रूप से सहायता प्रदाय की गई।

### सतनाम सद्भाव पदयात्रा में शामिल हुए बारमते



**मुंगेली।** रायपुर से गिरौदपुरी धाम तक सतनाम सद्भाव पदयात्रा में जिले से सतनाम सेना युवा अध्यक्ष नेमसिंह बोगी बारमते एवं अन्य सामाजिकजनों की सहभागिता रही। पदयात्र का उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारा, सद्भाव और मानवता के मूल सिद्धांतों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाना रहा। पदयात्रा में धर्मगुरू बालक दास साहेब, केबिनेट मंत्री गुरू खुसवंत साहेब के नेतृत्व में मनखे-मनखे एक समान का संदेश लेकर रायपुर के मोआ स्थित सतनाम भवन परिसर से सतनाम सदभाव पद यात्र गिरोधपुरी धाम के लिए रवाना हुई। पदयात्र में विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में सतनाम समाज के लोग शामिल हुए। श्रद्धालु पैदल यात्र करते हुए सतनाम पंथ के आदर्शों और गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाते नजर आए। पदयात्र के दौरान युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में समानता, न्याय और मानवता के पक्ष में संकल्प लिया। गिरौदपुरी धाम पहुंचकर पदयात्र का समापन सतनाम दर्शन और सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। आयोजकों के अनुसार इस तरह की पदयात्रएं समाज में सकारात्मक सोच, आपसी भाईचारे और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देती हैं। पदयात्रा ने यह संदेश दिया कि, समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब हर व्यक्ति को समान सम्मान और अधिकार मिलेगा।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंधित



**मुंगेली।** शिक्षा सत्र 2026 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत आदेश जारी कर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश के अनुसार परीक्षार्थियों के अध्ययन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5(2) एवं धारा 10(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की संपूर्ण सीमा में 20 फरवरी से 18 मार्च तक रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवधि में किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर, डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्र अथवा अन्य शोर उत्पन्न करने वाले उपकरणों के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा अवधि को ध्यान में रखते हुए यह कदम विद्यार्थियों के हित में उठाया गया है, ताकि वे एकाग्रचित्त होकर अपनी तैयारी कर सकें।

रात में तालाबों और शासकीय भूमि पर खुदाई, हादसे की आशंका

# क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा मुरुम का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

पथरिया नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध मुरुम खनन का कारोबार इन दिनों धड़ल्ले से जारी है। मुरुम माफिया बिना किसी भय के शासकीय भूमि, तालाबों और मुरमी जमीन से मुरुम का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार पथरिया ब्लॉक के विभिन्न गांवों में रात के समय बड़े पैमाने पर मुरुम की खुदाई की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाबों और शासकीय भूमि से मुरुम निकालकर हाइवा और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से परिवहन किया जाता है। भारी वाहनों की आवाजाही से गांवों की सड़कों की हालत जर्जर होती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अवैध मुरुम खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।



#### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों ने बताया कि, मामले की सूचना कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। खनिज विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे मुरुम खनन करने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। सरपंचों को सूचना देने के बाद भी अवैध खनन पर लगाम नहीं लग सकी है।

#### रात में होता है अवैध परिवहन

पथरिया-सारगांव क्षेत्र में अवैध उत्खनन के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। आरोप है कि मुरुम माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तालाबों की खुदाई के दौरान निकले मुरुम का परिवहन कर लेते हैं। उन्हें यह भरोसा रहता है कि रात में निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचेंगे।

#### हादसे की आशंका बढ़ी

मुरुम माफिया निर्धारित गाइडलाइन से अधिक खुदाई कर रहे हैं और कई स्थानों पर बेतरतीब गड्ढे छोड़ दिए गए हैं। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं तालाबों की अत्यधिक खुदाई से पर्यावरणीय संतुलन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।



## कुर्मी समाज के युवाओं ने मनाया छत्रपति शिवाजी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दगोरी

युवा कुर्मी क्षत्रीय समाज के द्वारा सन्नाडय कुर्मी भवन चकरभाटा में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव जोर-शोर से मनाया गया। शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व आरती कर समाज को उनके कार्यों के महत्व के बारे में बताया गया। इसके बाद नवनियुक्त जिला अध्यक्ष योगेश कौशिक का सम्मान किया गया।

इस मौके पर पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, कृष्णकुमार कौशिक, अशोक कौशिक, मनहरण कौशिक, मनोज सन्नाडय, गीतांजलि जितेन्द्र कौशिक, भुनेश्वर कौशिक, उमेंद कौशिक, तामेश कौशिक, नवनीत कौशिक, कृष्णा कौशिक, योगेश कौशिक, गणेश कौशिक, सौरभ कौशिक, मोनिश कौशिक, लक्ष्मी कौशिक, वीरेंद्र कौशिक, सागर कौशिक, लाला कौशिक, जलेश्वर कौशिक, शिवशंकर कौशिक, योगेश कौशिक, मनोज कौशिक, डॉ नवनीत कौशिक, उमेश कौशिक, गजेंद्र कौशिक, राहुल कौशिक, मनोज कौशिक, सुबेदार विजय कौशिक, दिलीप कौशिक एवं कुर्मी समाज के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

एकलव्य आदर्श स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा कार्यशाला

## बच्चों ने सीखी मिट्टी व लकड़ी से वस्तुएं बनाने का कौशल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने और विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस विशेष कार्यशाला में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के शिक्षक सोहम ठाकुर, विजय कृष्णा सिंह एवं अनिल राठौड़ ने कार्यशाला संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हमारे जनजातीय विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त व्यावहारिक और पारंपरिक व्यवसायों से अवगत कराना था। कार्यशाला में मुख्य रूप से तीन व्यावसायिक कौशलों का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य जितेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि, कोई कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, इसलिए अपना-अपना कार्य मन लगाकर गर्व के साथ करना चाहिए। इस प्रकार का कार्य करने वाले कारीगर समाज की महत्त्वपूर्ण सेवा करते है। हमें स्थानीय कारीगरों का सदैव आदर करना चाहिए। प्राचार्य ने सभी आमंत्रित प्रिशक्षक राजकुमार कुंभकार, भुजबल यादव और भानुप्रताप का उनके बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन के लिए सम्मान राशि देकर आभार व्यक्त किया गया।

#### बच्चों ने सीखा मिट्टी के बर्तन बनाना

कार्यशाला के प्रथम सत्र में स्थानीय राजकुमार कुंभकार द्वारा विद्यार्थियों को मिट्टी के बर्तन बनाने की कला जैसे दीपक बनाना, गुल्लख बनाना इत्यादि सिखाई गई। विद्यार्थियों ने न केवल इस कला को करीब से देखा, बल्कि स्वयं चाक पर बैठकर मिट्टी को विभिन्न आकार देना भी सीखा। बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ इस गतिविधि में भाग लिया व अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर आकृतियां गढ़ीं।

#### लकड़ी के औजार बनाने के प्रशिक्षण

दूसरे सत्र में कुशल बढ़ई भुजबल यादव द्वारा विद्यार्थियों को लकड़ी के औजार और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बच्चों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में लकड़ी को काटना, छीलना और मशीनों जैसे ग्राइंडिंग मशीन का सुरक्षित रूप से उपयोग करना सीखा। यह प्रायोगिक अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत नया और ज्ञानवर्धक रहा।

#### बच्चों ने सीखी सिलाई की तकनीकें

तीसरे सत्र में कुशल दर्जी भानु प्रताप द्वारा सिलाई मशीन के उपयोग और कपड़े सिलने की बुनियादी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने सिलाई मशीन की कार्यप्रणाली को समझा और कपड़ों की कटाई व सिलाई की बारीकियों का अभ्यास किया। यह कौशल भविष्य में उनके स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संपूर्ण कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह और सीखने की ललक देखने योग्य थी। सभी बच्चों ने प्रत्येक विधा में पूरी लगन और उत्सुकता के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## मनरेगा व रजिस्ट्री दरों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मनरेगा के नाम एवं नियमों में बदलाव, सहित ग्रामीण क्षेत्रें में बिजली व पेयजल समस्या तथा गुणवत्ता विहीन सड़के, आवास, पेंशन, रजिस्ट्री, में हो रही परेशानियों को लेकर के जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व मे कांग्रेसी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओ ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

बीते 12 जनवरी से मनरेगा पूरे प्रदेश भर मे मनरेगा को लेकर विरोध जताया जा रहा है, जो आगामी 26 फरवरी तक चलेगा। इस कड़ी मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्ट्रेट घेराव कर जनहित से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा, सबसे पहले मनरेगा के नाम एवं नियमों में किए जा रहे बदलाव को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की जाती है। मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों एवं जरूरतमंद परिवारों के




कलेक्टोरेट का घेराव कर ज्ञापन मांगों का सौंपा

लिए जीवनरेखा का कार्य करती है। यदि इसके मूल स्वरूप, नाम या प्रावधानों में बदलाव किया जाता है, तो इससे योजना की भावना और उद्देश्य प्रभावित होंगे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि, जिस तरह से सरकार ने रजिस्ट्री शुल्क बढ़ाने का मन बनाया है, उसके चलते अब जमीन खरीदना आम आदमी के लिए एक सपना हो जाएगा। साथ ही जिले मे रजिस्ट्री को लेकर जो नजरी नक्शा का फरमान जारी हुआ है, वह पूरे प्रदेश में कहीं भी लागू नहीं है। संजीत बनर्जी ने कहा कि, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था अत्यंत खराब स्थिति में है। लगातार अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या एवं जर्जर ट्रांसफार्मरों के कारण आमजन और किसान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। थानेश्वर साहू ने कहा कि, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित कई सड़कों की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है। निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़कें उखड़ रही हैं, गड्ढों में तब्दील हो रही हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई एवं दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, विजय केशरवानी पूर्व जिलाध्यक्ष बिलासपुर,संजीत बनर्जी,थानेश्वर साहू,हेमेंद्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, दीपक गुप्ता,चुरावन मंगेशकर, चंद्रभान बारमते,दिलीप बंजारा,स्वतंत्र मिश्रा,संजय यादव,सागर सोलंकी,लक्ष्मी कांत भास्कर, अरविन्द वैष्णव,रणजीत सिंह, आनद सोनी,नौसाद खान,जितू श्रीवास्तव,याकूब अली,इंद्रजीत कुर्रे,संजय चंदेल,जलेश यादव,जागेश्वरी वर्मा,विद्यानन्द चंद्राकर, उर्मिला यादव,मंजू शर्मा,ललिता सोनी,निधि ठाकुर,साधना वर्मा,निधि पौराणिक,हेमिन मंगेशकर,शकीरा खान,दादू मल्लाह,रमेश राजपूत,देव साहू,जगदीश यादव,कन्हैया कुमार,अनिल यादव,अर्जुन बंजारा,टेकराम सोनवानी, प्रिंशु दुबे, मुकेश साहू, मुकेश मिरि,राम खिलावन,पवन टंडन,संतोष पाली,राजेंद्र गेंदले,धर्मेंद्र श्रीवास,अभिषेक यादव, राजेंद्र जायसवाल, आरिफ खोकर, राजेंद्र यादव,कौशल सिंह, सुरेंद्र पाल, सहित बड़ी संख्या मे शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हाइवा और पिकअप की टक्कर में दो की मौत

**कटघोरा।** अंबिकापुर नेशनल हाइवे पर हाइवा और पिकअप के बीच टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अंबिकापुर नेशनल हाइवे एक बार फिर खून से लाल हो गया है। बांगो थाना क्षेत्र के मोरगा चौकी अंतर्गत मोरगा केंदई हसदेव पुल के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर इस हाइवे की खतरनाक स्थिति और लगातार हो रहे हादसों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, हाइवा और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

## कृषि उप संचालक ने किया विशेष शिविरों का निरीक्षण

■ 25 हजार वंचित किसानों को जोड़ने अभियान तेज

**तखतपुर।** जिला में संचालित विशेष शिविरों का निरीक्षण करते हुए प्रभारी उप संचालक कृषि शशांक शिंदे ने विकासखंड तखतपुर के ग्राम बेलटुकरी, चनाडोंगरी एवं विचारपुर का दौरा किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित किसानों से संवाद कर लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण कराने की अपील की।



उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में लगभग 25 हजार किसान अब तक लाभ से वंचित हैं। पात्र किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल की पहल पर 16 फरवरी से जिले के सभी ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन तथा ई-केवाईसी निशुल्क किया जा रहा है। जिन किसानों की किस्त किसी कारणवश अटकी हुई है या जिनके प्रकरण लंबित हैं, उनका मौके पर ही निराकरण करने की व्यवस्था की गई है, ताकि पात्र किसानों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशि- निरीक्षण के दौरान श्री शिंदे ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया कि, वे किसानों के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी औपचारिकताएं पूरी कराने का आग्रह किया। कृषि विभाग की ओर से जिला प्रशासन के सहयोग से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के माध्यम से वंचित किसानों को योजना से जोड़ने और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का किया अवलोकन

# कलेक्टर ने विभिन्न गांवों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मुंगेली विकासखंड के ग्राम बांकी, जैतपुरी, पेंडाराकापा, नुनियाकछार, जमहा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण, शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वच्छता एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया और गुणवत्ता में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने नुनियाकछार एनीकट के निरीक्षण के दौरान सूचना बोर्ड नहीं पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को



फटकार लगाते हुए तत्काल सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। एप्रोच रोड में उचित ढलान नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और आवश्यक सुधार कार्य तथा शेष कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम बांकी में नवनिर्मित सड़क की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तत्काल सड़क का सैंपल लेकर जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, यदि निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया तो सड़क को उखाड़कर फिर निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कराया जाए। इसी क्रम में कलेक्टर ने ग्राम पेंडाराकापा में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित नई सड़क का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा कार्य में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### नेशनल हाइवे का निरीक्षण

कलेक्टर ने एनएच–130ए मुंगेली बायपास के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और एनएच के ईई से कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिग्रहित भूमि के मुआवजा वितरण की स्थिति की समीक्षा की तथा शेष किसानों से शीघ्र शपथपत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। चातरखार क्षेत्र में सड़क की स्थिति पर असंतोष जताते हुए अधिक धूल उड़ने की स्थिति में नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास अवैध रूप से डंप की गई निजी गिट्टी एवं रेत को जब्त कर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

#### नपा सीएमओ को निर्देश

मुंगेली नगर पालिका सीएमओ को मुंगेली से पंडरिया मार्ग के दोनों ओर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

**मुंगेली।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले के 105 उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान के उठाव के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राइस मिलर्स की विस्तृत बैठक ली, और कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए।

बैठक में उठाव की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि, सभी मिलर्स खरीदी केन्द्रों से शीघ्र ही पूरे धान का उठाव पूर्ण करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित 4 मिलर्स पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि, धान उठाव एवं परिवहन कार्य केवल जीपीएस युक्त वाहनों से ही किया जाए तथा बिना जीपीएस वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और अनियमितताओं पर रोक लगे। मिलर्स ने अपनी समस्याएं रखते हुए धान की बोरियों में पानी डालकर वजन बढ़ाने की लगातार मिल रही शिकायतों का मुद्दा भी उठाया, जिस पर कलेक्टर ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग करने को कहा, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारू रूप से संचालित हो सकें। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी अपर कलेक्टर जीएल यादव, जिला खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल, एआरसीएस हितेश श्रीवास, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम संदीप शर्मा, सीसीबी नोडल अधिकारी संतोष सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।